RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

VOL: 11 | ISSUE 119 | SUNDAY 10-05-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

## गुस्ताखी माफ



सारे अपने यार हैं, दिया सभी को बोल।
अपने किसी जहाज पर, नहीं लगेगा टोल।
नहीं लगेगा टोल, वहां कुछ भी हो भैया।
होर्मूज से पार, लगेगी अपनी नैया।
कह साहिल कविराय, हो रहे वारे-न्यारे।
अमरीका-ईरान, यार हैं अपने सारे।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल




# ED द्वारा मंत्री संजीव अरोड़ा पर रेड के बाद गिरफ्तारी से पंजाब में सियासी भूचाल

## शनिवार देर रात ही गुरुग्राम कोर्ट में सैशन जज के समक्ष किया पेश

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 मई। पंजाब सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता संजीव अरोड़ा को शनिवार देर शाम प्रवर्तन निदेशालय ( ईडी ) ने गिरफ्तार कर लिया। सुबह से ही चंडीगढ़ के सेक्टर-2 स्थित उनके सरकारी आवास पर ईडी की रेड चल रही थी। लगभग 20 गाड़ियों के काफिले के साथ पहुंची एजेंसी की टीम ने कई घंटों तक दस्तावेजों, डिजिटल रिकॉर्ड और वित्तीय लेनदेन से जुड़े साक्ष्यों की जांच की। गिरफ्तारी के बाद पंजाब की राजनीति में बड़ा भूचाल आ गया है। आम आदमी पार्टी ने इसे केंद्र सरकार की 'राजनीतिक प्रतिशोध की कार्रवाई' बताया है, जबकि विपक्ष इसे भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं से जोड़कर सरकार को घेर रहा है।











### केजरीवाल का बड़ा हमला: 'मोदी ने अब पूरे पंजाब को ललकारा'

वहीं आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविन्द केजरीवाल ने भी केंद्र सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल चुनाव खत्म होते ही पंजाब में लगातार ईडी की रेड शुरू कर दी गईं। केजरीवाल ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को डराने और तोड़ने के लिए कर रही है। उन्होंने दावा किया कि हाल ही में अशोक मित्तल के यहां ईडी की रेड हुई और अगले ही दिन उन्हें भाजपा में शामिल करवा लिया गया।उन्होंने कहा अगर कोई बीजेपी में शामिल नहीं होता तो उसके यहां बार-बार रेड करवाई जाती है। पंजाब गुरुओं की धरती है। जैसे गुरुओं ने औरंगजेब के अत्याचार का सामना किया था, वैसे ही पंजाब मोदी सरकार के दबाव के आगे नहीं झुकेगा। केजरीवाल ने कहा कि केंद्र सरकार पहले पंजाब के किसानों को चुनौती दे चुकी है और अब पूरे पंजाब को ललकारने की कोशिश कर रही है।

### 'पंजाब मोदी के आगे नहीं झुकेगा' – भगवंत मान

ईडी की कार्रवाई के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मानने केंद्र सरकार और भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा– 'आज फिर बीजेपी की ईडी संजीव अरोड़ा के घर आई है। एक साल में तीसरी बार और एक महीने में दूसरी बार। फिर भी उन्हें कुछ नहीं मिला। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं कि पंजाब गुरुओं की धरती है। औरंगजेब भी इसे झुका नहीं पाया था। पंजाब मोदी की चालों के आगे कभी नहीं झुकेगा।' संगरूर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान भगवंत मान ने कहा कि भाजपा चुनाव आते ही ईडी की रेड, धमकियों और राजनीतिक दबाव जैसे हथकंडों का इस्तेमाल करती है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पंजाब के भाईचारे को तोड़ने की कोशिश कर रही है, लेकिन राज्य के लोग इसका करारा जवाब देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब की धरती पर नफरत की राजनीति कभी सफल नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सत्ता पंजाब के साथ लगातार अन्याय कर रही है और जनता इसका जवाब देगी।

### क्या हैं आरोप ?

सूत्रों के अनुसार ईडी को संजीव अरोड़ा और उनसे जुड़ी कंपनियों के खिलाफ कथित वित्तीय अनियमितताओं के सबूत मिले हैं। जांच एजेंसी का दावा है कि करीब 157.12 करोड़ रुपये की फर्जी बिक्री, शेल कंपनियों के जरिए फर्जी निर्यात और विदेशी संस्थाओं के माध्यम से धन के कथित 'राउंड-ट्रिपिंग' का मामला सामने आया है। ईडी को शक है कि विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम ( फेमा) के नियमों का उल्लंघन करते हुए विदेशों के जरिए पैसों का लेनदेन किया गया। जांच के दौरान कई बैंक खाते अटैच किए गए हैं, जबकि कुछ डीमैट अकाउंट और म्यूचुअल फंड होल्डिंग्स भी फ्रीज कर दी गई हैं। बताया जा रहा है कि पिछले एक महीने में यह दूसरी और एक साल में तीसरी और तीन साल में चौथी बार है जब ईडी ने संजीव अरोड़ा से जुड़े परिसरों पर कार्रवाई की है। इससे पहले उनके लुधियाना स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी हुई थी।

### दो दिन पहले मोहाली और चंडीगढ़ में भी हुई थी कार्रवाई

ईडी ने वीरवार को मोहाली और चंडीगढ़ में करीब 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। मोहाली के छज्जू माजरा स्थित वेस्टर्न टावर्स सोसाइटी में एक आईटी कारोबारी के फ्लैट पर भी रेड हुई थी। सूत्रों के अनुसार उस कारोबारी को मुख्यमंत्री कार्यालय से करीबी तौर पर जोड़ा जा रहा था, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई। इन कार्रवाइयों के बाद भी मुख्यमंत्री भगवंत मान ने साफ कहा था कि उनकी सरकार का इन मामलों से कोई लेना-देना नहीं है और केंद्र सरकार एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है।

## हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड का बयान: मोबाईल एक्सपोर्ट में हम बेकसूर, दोषियों पर दर्ज करवा रखी है FIR

नई दिल्ली/यूटर्न/09 मई। हैम्पटन स्काई रियल्टी लिमिटेड (पूर्व नाम: रितेश प्रॉपर्टीज एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड) ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की कार्रवाई के संदर्भ में एक आधिकारिक प्रेस बयान जारी किया है। कंपनी ने अपने ऊपर लगे सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि वह न्यायपालिका और देश के कानूनी ढांचे पर पूरा भरोसा रखती है। मोबाइल निर्यात में कंपनी की भूमिका कंपनी ने बताया कि भारत सरकार की 'मेक इन इंडिया' और उत्पादन-आधारित प्रोत्साहन (PLI) योजना के तहत मोबाइल फोन निर्यात एक प्रमुख प्राथमिकता क्षेत्र है। देश का मोबाइल निर्यात वर्ष 2014-15 के लगभग ₹1,500 करोड़ से बढ़कर वर्ष 2024-25 में लगभग ₹2 लाख करोड़ तक पहुंच गया है — यानी 127 गुना की वृद्धि। इसी राष्ट्रीय दिशा को देखते हुए कंपनी ने मई 2023 में मोबाइल फोन निर्यात का कारोबार शुरू किया।

GST इनपुट टैक्स क्रेडिट के बारे में कंपनी ने कहा कि मामला केवल कुछ आपूर्तिकर्ताओ से संबंधित है। कंपनी ने स्वयं पहल करते हुए धोखाधड़ी के खिलाफ 17 मई 2025 को लुधियाना के फोकल पॉइंट थाने में FIR नंबर 0083 दर्ज कराई — M/s SK Enterprises, M/s Global Traders और M/s GMG Tradelink प्राइवेट लिमिटेड के खिलाफ। यानी कंपनी पीड़ित है, अपराधी नहीं। सरकारी खजाने को कोई नुकसान नहीं जहां GST अधिकारियों ने इनपुट टैक्स क्रेडिट पर आपत्ति जताई है, वहां संबंधित GST राशि कंपनी द्वारा पहले ही जमा करा दी गई है और मामला GST अपीलीय प्राधिकरण में विधिवत चल रहा है।

# शैमरॉक वर्ल्ड स्कूल ने इमोशनल जोश और क्रिएटिव एक्सप्रेशन के साथ मदर्स डे मनाया



मनप्रीत सिंह

रूपनगर/यूटर्न/09 मई। शैमरॉक वर्ल्ड स्कूल ने 'यादों दी माई तानी' नाम की एक स्पेशल असेंबली के जरिए मदर्स डे बहुत खुशी और इमोशनल गर्मजोशी के साथ मनाया। यह सेलिब्रेशन माँओं के बिना शर्त प्यार, देखभाल और त्याग का सम्मान करने के लिए सोच-समझकर ऑर्गनाइज किया गया था, साथ ही स्टूडेंट्स को क्रिएटिविटी और मतलब वाले इशारों के जरिए अपना आभार जताने के लिए बढ़ावा दिया गया। प्रोग्राम की शुरूआत स्टूडेंट्स के एक जानदार और एनर्जेटिक डांस परफॉर्मेंस से हुई, जिसने माहौल को खुशी और जोश से भर दिया। इस रंगीन परफॉर्मेंस ने माँओं और बच्चों के बीच गहरे रिश्ते को खूबसूरती से दिखाया और वहाँ मौजूद सभी लोगों ने इसकी तारीफ की। इस मौके को और भी खास बनाने के लिए, स्टूडेंट्स ने मदर्स डे के लिए खास तौर पर डिजाइन की गई कई क्रिएटिव एक्टिविटीज में जोश के साथ हिस्सा लिया। उन्होंने रंग-बिरंगे हाथ से बने कार्ड बनाए, खूबसूरत 'मॉम क्राउन' डिजाइन किए, 'बेस्ट आउट ऑफ वेज' एक्टिविटी के जरिए खूबसूरती से सजाए गए ज्वेलरी होल्डर बनाए।

# प्लस मंच के अध्यक्ष अमोलक सिंह द्वारा चैचल सिंह बैस को लोकपक्षी कविताओं की किताबें भेंट की गई/ तलविंदर हीर



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/09 मई। देश-दुनिया के मौजूदा संकटमय हालातों से चिंतित और मानवता के भलाई के लिए निरंतर सक्रिय प्लस पंच के अध्यक्ष बाई अमोलक सिंह जी आज अपने गहरे दोस्त सुरिंदर धंजल के बेहद करीबी चैचल सिंह बैस के पैतृक गृह महिलपुर पहुंचे। यहां काफी लंबा समय देश और दुनिया को दरपेश मौजूदा संकटमय हालातों से सुरक्षित निकालने के लिए गंभीर विचारों हुए और मानवता के दुश्मन जंगबाजों के खिलाफ रोष प्रकट किया गया। इस अवसर पर चैचल सिंह बैस द्वारा प्रवासी भारतीयों के मन में देश के प्रति तड़फ और प्यारे का प्रगटावा किया गया। इस अवसर पर अमोलक सिंह जी द्वारा चैचल सिंह बैस को 'जंग ते जिंदगी', 'जंगल जाईयां कविताएं' और 'फलस्तीन दी आवाज' नामक किताबों का सेट भेंट करके सम्मानित किया गया। यह जानकारी सांझी करते हुए भारतीय किसान यूनियन एकता उग्राहां जिला होशियारपुर के प्रचार सचिव तलविंदर सिंह हीर नंगल खिलाड़ियों ने कहा कि बेशक जालिम हाकिमों और लुटेरे सरमायेदारों द्वारा कुल दुनिया के कुदरती सोरसो को हड़प्पने के लिए मानवता को बेवजह जंग की भट्टी में झोंका जा रहा है, पर दुनिया भर के मेहनतकश, सुझवान और इंसाफपसंद लोगों का इक्ट्टेटर उनके मार्ग में पर्वत बन के खड़ेगा और मानवता की रक्षा तथा आने वाली नस्लों का भविष्य बचाएगा।

# चुनाव खत्म! क्या पेट्रोल, डीजल के दाम जल्द बढ़ने वाले हैं?

चंडीगढ़/यूटर्न/9 मई। चुनाव खत्म हो गए हैं, बीजेपी ने उन राज्यों में लगभग पूरी तरह जीत हासिल कर ली है जहाँ वह चाहती थी। असम और पश्चिम बंगाल, और अब अचानक आने वाले झटके के लिए तैयार हो जाइए। भारत की सरकारी तेल कंपनियाँ बढ़ते वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के कारण बढ़ते वित्तीय दबाव का सामना कर रही हैं, जिससे आने वाले दिनों में ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की संभावना बढ़ गई है। सरकारी अधिकारियों का कहना है कि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनियाँ पेट्रोल, डीजल और घरेलू छढ्रक्को बाजार से जुड़ी कीमतों से कम दाम पर बेचकर भारी नुकसान उठा रही हैं। इन नुकसानों का अनुमान हर महीने हजारों करोड़ रुपये में लगाया जा रहा है, और अधिकारियों ने चेतावनी दी है कि ऐसी स्थिति अनिश्चित काल तक जारी नहीं रह सकती, यह संकेत देते हुए कि कीमतों में बदलाव जल्द ही हो सकता है।



## कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी

हाल के हफ़्तों में कच्चे तेल की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी हुई है, जिसका मुख्य कारण पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे प्रमुख शिपिंग मार्गों से आपूर्ति में रुकावट की चिंताएँ हैं। मई महीने में अब तक भारत के कच्चे तेल की औसत कीमत लगभग $105 प्रति बैरल रही है, जिससे ईंधन बेचने वालों पर लागत का बोझ काफी बढ़ गया है।

## भारत ने नहीं किया बदलाव

इसके बावजूद, भारत ने पेट्रोल और डीजल की कीमतों में ज्यादातर कोई बदलाव नहीं किया है, जिससे उपभोक्ताओं को वैश्विक उतार-चढ़ाव से बचाया जा सके। हालाँकि, इस तरीके से इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड जैसी प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों पर दबाव बढ़ गया है।

## ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की उम्मीद

विश्लेषकों ने चेतावनी दी है कि यदि कच्चे तेल की कीमतें ऊँची बनी रहती हैं, तो लगातार कम वसूली और बढ़ती कार्यशील पूंजी की जरूरतों के कारण इन कंपनियों की वित्तीय स्थिति बिगड़ सकती है। इसके परिणामस्वरूप, सरकार जल्द ही अंतरराष्ट्रीय रुझानों के अनुसार ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी की अनुमति दे सकती है।

## एलपीजी में भी हो सकती बढ़ोतरी

यदि मंजूरी मिल जाती है, तो पेट्रोल और डीजल की कीमतों में मामूली बढ़ोतरी देखी जा सकती है, जबकि घरेलू छढ्रक्की दरों में भी बढ़ोतरी की जा सकती है। यह स्थिति भारत की आयातित कच्चे तेल पर लगातार निर्भरता को उजागर करती है, जिससे यह वैश्विक कीमतों में अचानक बदलाव और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के प्रति संवेदनशील बना रहता है।

# नगर निगम चुनाव से पहले पंचकूला पुलिस का बड़ा एक्शन, 104 बोतल अवैध देसी शराब बरामद

## मनसा देवी क्षेत्र में पुलिस की रेड, अवैध शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार

पंचकूला/यूटर्न/09 मई। नगर निगम चुनाव 2026 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण और सुरक्षित माहौल में संपन्न करवाने के लिए पंचकूला पुलिस द्वारा जिले में लगातार विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए मनसा देवी कॉम्पलैक्स क्षेत्र से भारी मात्रा में अवैध देसी शराब बरामद की है। पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार ए.वी.टी स्टाफ पंचकूला की टीम चुनाव के मद्देनजर क्षेत्र में गश्त और निगरानी कर रही थी। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि गांधी कॉलोनी, सेक्टर-4 माता मनसा देवी कॉम्पलैक्स में रहने वाला महेंद्र नामक व्यक्ति अपनी झुग्गी में अवैध शराब रखकर बेचने का काम कर रहा है।

### पुलिस ने तुरंत की रेड

एसीपी सुरेंद्र सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक Amrinder Singh के निर्देश पर इंस्पेक्टर सुनील कुमार के नेतृत्व में टीम ने मौके पर छापेमारी की। रेड के दौरान पुलिस ने आरोपी महेंद्र निवासी मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश), हाल निवासी गांधी कॉलोनी सेक्टर-4, माता मनसा देवी कॉम्पलैक्स पंचकूला को गिरफ्तार कर लिया।




### झुग्गी से मिली 9 पेटियां शराब

पुलिस द्वारा झुग्गी की तलाशी लेने पर वहां से कुल 9 पेटियां अवैध देसी शराब बरामद हुई। इन पेटियों में 104 बोतल अवैध शराब पाई गई। पुलिस ने आरोपी से शराब रखने संबंधी लाइसेंस और परमिट मांगा, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना मनसा देवी कॉम्पलैक्स में हरियाणा आबकारी संशोधन अधिनियम की धारा 61(1)(A) के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

### चुनाव के दौरान सख्ती जारी रहेगी

डीसीपी अमरिंदर सिंह ने कहा कि नगर निगम चुनाव के दौरान अवैध शराब, नशा तस्करी और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी माहौल खराब करने या कानून व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस द्वारा जिले में लगातार गश्त, चेकिंग और विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं ताकि चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो सके।




पेज 06 मंत्री संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी से सियासी...


## आप के हल्का सेंट्रल विधायक के तथाकथित पीए पर पर्चा दर्ज होने पर वीडियो बना किए खुलासे

# MLA पराशर निगम मुलाजिम भर्ती कराने को लेते थे एक लाख, करोड़ों की ब्लैकमनी का हुआ हेरफेर, निगम अधिकारी प्रति महीना देते हैं लाखों रुपए

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। लुधियाना के आम आदमी पार्टी के हल्का सेंट्रल विधायक अशोक पराशर पप्पी पर एक युवक ने खुद को उनका पीए बताते हुए वीडियो बना गंभीर आरोप लगाए हैं। युवक की यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। जिसमें युवक निखिल सभरवाल ने कहा कि उस पर डीसी रेट पर मुलाजिम भर्ती कराने की एवज में 1.70 लाख की ठगी की दर्ज हुई एफआईआर झूठी है। उसने यह पेमेंट विधायक अशोक पराशर पप्पी के कहने पर ली थी। यहीं नहीं विधायक द्वारा 100 से अधिक लोग इसी तरह रिश्वत लेकर भर्ती करवाए गए हैं। यहीं नहीं युवक ने यह भी आरोप लगाए कि विधायक पप्पी को करोड़ों रुपए की ब्लैकमनी आई। विदेशों से लाखों रुपए की फंडिंग होती थी। जिसे नेता और उनके परिवार ने मिलकर खपाया। इसके अलावा निगम अधिकारी भी प्रति महीना लाखों रुपए रिश्वत देते हैं। इन खुलासों के बाद शहर की राजनीति में हड़कंप मच गया है। हालांकि इस मामले में विधायक पप्पी का कहना है कि उन पर लगाए जा रहे आरोप झूठे हैं।

## शायद इसी लिए अवैध इमारतों पर नहीं होता एक्शन

निखिल के इस खुलासे के बाद शहर में कई तरह की चर्चाएं छिड़ गई है। दरअसल, नगर निगम जोन-ए की बिल्डिंग ब्रांच के अधीन आती पुरानी कोतवाली में बेसमेंट समेत छह मंजिलां पीएस मोबाइल स्टोर और चांद सिनेमा रोड पर मरवाहा मैन्स वेयर की दो अवैध बिल्डिंग बनी है। कई शिकायतों के बावजूद एक्शन नहीं हुआ। इस संबंधी सीनियर डिप्टी मेयर तक ने आदेश दिए, लेकिन बिल्डिंग ब्रांच ने कार्रवाई नहीं की। जिसके चलते शहर में चर्चा छिड़ गई कि इसी लिए अधिकारी सरेआम अवैध इमारतें बनाते जा रहे हैं। चर्चा है कि अगर निखिल की बातों से सच्चाई है तो साफ जाहिर है कि अगर अफसरों की उच्च सत्र पर सेटिंग है तो कार्रवाई न करने का डर क्या होगा।



A/C no :- 39120242707 (SBI)
Account opening :- 05/02/2020
Date of statement :- 29/03/2026

Account holder name :- Nikhil S/o Raj Kumar

| | | |
|---|---|---|
| 08/03/2024 | Credit from CIPHER Square | 89 Lac from Canada |
| 08/03/2024 | NEFT to Meenu Prashar | 40 LACS |
| 09/03/2024 | NEFT to Meenu Prashar | 10 LACS |
| 09/03/2024 | NEFT to Meenu Prashar | 25 Lacs |

Cash paid to MLA Ashook Prashar ( paid to Boards and flags etc) 17 lacs + 11 lacs =28 Lacs

24/04/2024 payment credit from Building inspector Harvinder singh Makkar = 30 Lacs
25/040/2024 Payment paid to Ashok Prashar Pappi Account = 15 Lacs
25/04/2024 Payment paid to Vikas Prashar = 0.99 lacs

Total Payment received 1 Crore 19 lacs
Total Payment paid 1 Crore 19 lacs

Meenu Prashar total amount paid 75 lacs in account
Ashok Prashar Total amount paid 15 lacs in account
Vikas prashar total amount paid 99 thousand in account

Balance payment cash paid to MLA Ashook Prashar ( paid for Boards and flags etc) 17 lacs + 11 lacs =28 Lacs

युवक द्वारा अपनी बैंक स्टेटमेंट सार्वजनिक की गई



वीडियो जारी कर आरोप लगाया युवक

## विदेश से आए 89 लाख, विधायक की पत्नी के खाते में डाले

निखिल ने आरोप लगाया कि लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान विधायक अशोक पराशर और उनके बेटे विकास द्वारा उसके बैंक खाते का इस्तेमाल किया जा रहा था। उन्हें विदेश से किसी उव्द्धलफ्फरदवअफ्ष्ट नामक कंपनी द्वारा कैनेडा से 89 लाख की रकम उसके खाते में डाली। जिसमें से आठ मार्च 2024 को 40 लाख, नो मार्च को 10 लाख और फिर 25 लाख रुपए विधायक की पत्नी मीनू पराशर के खाते में पेमेंट डाली गई।




निखिल ने आईडी कार्ड किया वायरल

## पर्चा दर्ज होने पर बढ़ा विवाद

दरअसल, थाना डिवीजन नंबर दो की पुलिस द्वारा निखिल सभरवाल के खिलाफ दो लोगों को डीसी रेट पर भर्ती कराने की एवज में 1.70 लाख रुपए लेने के आरोप में मामला दर्ज किया है। इस एफआईआर के बाद शहर में चर्चा छिड़ गई कि निखिल आप के हल्का सेंट्रल विधायक अशोक पराशर पप्पी का तथाकथित पीए रह चुका है। लेकिन विधायक ने इस बात से साफ इंकार कर दिया। उन्होंने कहा कि निखिल पहले ऑफिस में काम करता था, वह नकली पीए था। जब उसकी ठगियों का पता चला तो निकाल दिया था। जिसके बाद निखिल ने सामने आकर गंभीर आरोप लगाए।

## विधायक के कारण मेरा घर भी बिक गया

निखिल ने आरोप लगाया कि जब 2022 में अशोक पराशर पप्पी विधायक बने, तब से वह उनका ऑफिस इंचार्ज और प्राइवेट पीए था। उसे 13 हजार सैलरी मिलती थी। उसने आरोप लगाया कि विधायक ने उसे कहा कि तुम डीसी रेट पर भर्ती कराने के लिए लोग लेकर आओ और प्रति व्यक्ति एक लाख रुपए लगेंगे। निखिल ने आरोप लगाया कि उसमें से उसे 5-7 हजार रुपए प्रति व्यक्ति मिलते थे। उसने अपने 15-16 रिश्तेदारों के पैसे इकट्ठे करके दिए। लेकिन भर्ती न होने पर वे ऑफिस आ गए। जिसके बाद विधायक ने खुद को फंसते देख सारी बात उस पर फेंक दी और नौकरी से निकाल दिया। जिसके बाद उसे घर बेचकर पैसे वापिस करने पड़े।

## बिल्डिंग इंस्पेक्टर मक्कड़ ने दी 30 लाख रिश्वत

वहीं निखिल ने आरोप लगाया कि नगर निगम के बिल्डिंग इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़ द्वारा 24 अप्रैल 2024 को उसके खाते में 30 लाख रुपए की पेमेंट डाली गई थी। जिसे चुनाव के लिए लिया गया था। उक्त रकदम में से 14 लाख रुपए अशोक पराशर पप्पी के खाते में डाले गए और 99 हजार रुपए उनके बेटे विकास पराशर के खातेमें भेजे। इसके अलावा बोर्ड, फ्लैग व अन्य खर्च में 28 लाख रुपए की पेमेंट भी उसने की। जिसके बिल उसके पास है।

## निगम अधिकारी प्रति महीना देते थे फिक्स पेमेंट

निखिल ने यह भी आरोप लगाया कि नगर निगम के अधिकारी इंस्पेक्टर हरमिंदर सिंह मक्कड़, डीसीएफए पंकज गर्ग और एटीपी रणजीत सिंह समेत कई अधिकारियों द्वारा प्रति महीना पेमेंट विधायक को दी जाती है। निखिल ने आरोप लगाया कि उसके कार्यकाल के दौरान करीब 9 से 10 करोड़ का लेनदेन हुआ। तबादले कराने और नियुक्तियां करने के भी पैसे लिए जाते थे। निखिल मुताबिक अधिकारियों को खुली छूट होती है, इसी लिए जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है।

## धमकियों से परेशान होकर छोड़ा था देश

निखिल अनुसार वह इसका खुलासा नहीं करना चाहता था, लेकिन नकली पीए कहने पर वे दो साल बाद सामने आया। जबकि विधायक ने उसे हैबोवाल प्लॉट पर बुलाकर धमकी दी थी तो वे देश छोड़कर दुबई चला गया था। मगर पीछे उसके परिवार को तंग किया गया, तो मजबूरन वापिस आना पड़ा। अब थाने में भर्ती के नाम पर ठगी की शिकायत आई। डीएसपी विधायक का करीबी है। जिसके चलते उसने लीडर को बचाने के लिए उस पर मामला दर्ज कर दिया।

## ठगी के चलते नौकरी से निकाला था

वहीं विधायक अशोक पराशर पप्पी का कहना है कि 2022 में निखिल को नौकरी पर रखा था। लेकिन फिर पता चला कि उसने दो लड़कियों से भर्ती के नाम पर ठगी की है। उक्त लड़कियों के पैसे भी वापिस दिलाए और निखिल को नौकरी से निकाल दिया था। बाद में उसने निगम में भर्ती के नाम पर ठगी की, तो उन्होंने खुद पर्चा दर्ज करवाया है। विधायक पप्पी ने कहा कि बिक्रम मजीठिया बड़े बड़े दावे कर रहे है, लेकिन हमने उसकी तरह लाल बत्ती लगाकर चिट्टा नहीं बेचा। उसने कई माताओं की गोद सुनी कर दी। इस मामले संबंधी इंस्पेक्टर हरमिंदर मक्कड़ से संपर्क नहीं हो सका।



# राष्ट्रीय लोक अदालत में 27,405 मामलों का मौके पर निपटारा, 7.83 करोड़ रुपए के अवार्ड पास





दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/09 मई। जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी होशियारपुर की ओर से पंजाब स्टेट कानूनी सेवाएं अथॉरिटी, एस.ए.एस. नगर के दिशा-निर्देशों के अनुसार शनिवार को जिले में वर्ष की दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इस लोक अदालत में एन.आई. एक्ट की धारा 138 के अंतर्गत मामले (लंबित एवं प्री-लिटिगेशन बैंक रिकवरी केस तथा लेबर विवाद मामले), मोटर एक्सीडेंट क्लेम केस, बिजली एवं पानी के बिलों से संबंधित मामले (गैर-कंपाउंडेबल मामलों को छोड़कर), वैवाहिक विवाद, ट्रैफिक चालान, राजस्व मामले तथा अन्य सिविल एवं कम गंभीर आपराधिक मामले और घरेलू विवादों से संबंधित केस रखे गए। यह लोक अदालत जिला एवं सत्र न्यायाधीश-कम-चेयरमैन, जिला कानूनी सेवाएं अथॉरिटी रजिंदर अग्रवाल के कुशल नेतृत्व में आयोजित की गई। इस लोक अदालत में होशियारपुर में कुल 20 बेंच गठित किए गए, जिनमें होशियारपुर न्यायिक अदालतों के 9 बेंच, उपमंडल दसूहा में 2 बेंच, मुकेरियां में 2 बेंच, गढ़शंकर में 2 बेंच तथा राजस्व अदालतों के 5 बेंच शामिल थे। जिला होशियारपुर की लोक अदालत में 30912 मामलों की सुनवाई हुई तथा 27405 केसों का मौके पर ही निपटारा किया गया व पक्षों से कुल 78356946 रुपए के अवार्ड पास किए गए।

# मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान इमरजेंसी सेवाएं और ट्रैफिक तुरंत सुचारू किया जाए- गुरप्रताप गिल।

## मुख्यमंत्री सुविधाएं देने की बजाय लोगों को परेशान कर रहे हैं

मनप्रीत सिंह

रूपनगर/यूटर्न/09 मई। कांग्रेस के सीनियर नेता और पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल गुरप्रताप सिंह गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान द्वारा निकाली जा रही शुकराना यात्रा के दौरान इमरजेंसी सेवाएं और ट्रैफिक तुरंत सुचारू किया जाए ताकि किसी की जान बेवजह न जाए और लोग परेशानी से बच सकें। एडवोकेट गिल ने कहा कि कल मुख्यमंत्री भगवंत मान के दौरे के दौरान अमृतसर में गर्भवती महिलाओं को अस्पताल ले जाते समय समय पर अस्पताल न पहुंचने के कारण ट्रैफिक जाम में गर्भवती महिला के बच्चे की मौत हो गई। जिससे परिवार भारी सदमे में है और मुख्यमंत्री को लोगों की परेशानी की कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के दौरे के दौरान लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और खासकर मरीजों को अस्पताल पहुंचने के लिए लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, क्योंकि पुलिस द्वारा सभी सड़कों को ब्लॉक करके सील कर दिया जाता है। जिससे ट्रैफिक प्रभावित होता है और लोग जाम में फंस जाते हैं। एडवोकेट गिल ने कहा कि जनता को सुविधा देने के बजाय मुख्यमंत्री को परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह घटना पंजाब सरकार की नाकामी और मिसमैनेजमेंट को सामने लाती है। उन्होंने कहा कि अअढ सरकार राजनीतिक दिखावे और बड़े-बड़े प्रोग्राम में बिजी है। जब लोगों को सुविधा देने के बजाय राजनीतिक प्रदर्शनों के लिए सड़कें बंद की जाने लगती हैं, तो ऐसे दुखद हादसे सामने आते हैं। एक बेगुनाह की जान जाना बहुत दर्दनाक और शर्मनाक है। पंजाब सरकार को इस घटना की ज़िम्मेदारी लेनी चाहिए और भविष्य में इमरजेंसी सेवाओं के लिए तुरंत और सही इंतजाम पक्का करना चाहिए।



# पंचकूला नगर निगम आयुक्त विनय कुमार का मॉर्निंग निरीक्षण अभियान जारी, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं पर फोकस







पंचकूला/यूटर्न/09मई। पंचकूला नगर निगम आयुक्त विनय कुमार द्वारा चलाया जा रहा प्रातःकालीन निरीक्षण अभियान लगातार जारी है। अभियान के तहत शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने, नागरिक सुविधाओं को मजबूत करने और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

नगर निगम की ओर से चलाए जा रहे इस अभियान का उद्देश्य केवल समस्याओं की पहचान करना नहीं, बल्कि नियमित फॉलो-अप के जरिए उनके समाधान को धरातल पर लागू करवाना भी है। आयुक्त विनय कुमार लगातार अलग-अलग क्षेत्रों का औचक निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे हैं।



## सेक्टर-15 में औचक निरीक्षण

अभियान के 34वें दिन पूर्व निर्धारित सेक्टर-10 और सेक्टर-15 में से सेक्टर-15 का अचानक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने घर-घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, सड़क किनारे नालियों की सफाई, वेंडिंग जोन और किसान मंडी की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि साफ-सफाई के मानकों में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही नागरिक सुविधाओं के रखरखाव में लगातार सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

## ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वच्छता पर जोर

अभियान के 35वें दिन आयुक्त विनय कुमार ने मट्टनवाला और कोट गांवों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की जमीनी स्तर पर समीक्षा की गई। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों को भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। निगम आयुक्त ने कहा कि गांवों में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए स्थानीय लोगों का सहयोग बेहद जरूरी है। उन्होंने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित निगरानी और समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## सेक्टर-12 में निर्देशों के अनुपालन की समीक्षा

36वें दिन के निरीक्षण अभियान के तहत सेक्टर-12 और 12अ में से सेक्टर-12 का औचक निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने क्षेत्र में पहले दिए गए निर्देशों के अनुपालन और उनकी प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने सफाई व्यवस्था, कूड़ा प्रबंधन और अन्य नागरिक सुविधाओं की स्थिति का जायजा लेते हुए संबंधित कर्मचारियों को स्वच्छता मानकों को लगातार बनाए रखने के निर्देश दिए।

## 'सिर्फ निरीक्षण नहीं, समाधान पर फोकस'

नगर निगम आयुक्त विनय कुमार ने कहा कि यह अभियान केवल निरीक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समस्याओं के समयबद्ध समाधान को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर निगम की टीमें लगातार जमीनी स्तर पर मौजूद रहकर शहर और गांवों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रही हैं।उन्होंने कहा कि निगम का लक्ष्य पंचकूला को स्वच्छ, हरित और बेहतर नागरिक सुविधाओं वाला शहर बनाना है।

**नागरिकों से सहयोग की अपील...** आयुक्त विनय कुमार ने लोगों से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक कूड़ा इधर-उधर न फेंकें, प्लास्टिक का कम इस्तेमाल करें और घर-घर कूड़ा संग्रहण व्यवस्था में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भागीदारी के बिना स्वच्छता अभियान को पूरी तरह सफल नहीं बनाया जा सकता। नगर निगम पंचकूला को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

# नगर निगम चुनाव से पहले पंचकूला पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 505 ग्राम चरस सहित हिमाचल का तस्कर गिरफ्तार

## कुल्लू से पंचकूला-जीरकपुर तक फैले ड्रग नेटवर्क की जांच में जुटी पुलिस, आरोपी 4 दिन के रिमांड पर

पंचकूला/यूटर्न/09 मई। नगर निगम चुनाव से पहले पंचकूला पुलिस ने नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए सेक्टर-20 क्षेत्र से हिमाचल प्रदेश निवासी एक युवक को 505 ग्राम चरस सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क से जुड़े सप्लायरों, ग्राहकों और अन्य तस्करों की तलाश में जुट गई है। पुलिस के अनुसार आगामी नगर निगम चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और नशा मुक्त वातावरण में संपन्न करवाने के उद्देश्य से जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 की टीम को यह सफलता मिली।



**गुप्त सूचना के आधार पर हुई कार्रवाई...** एसीपी क्राइम अरविंद कंबोज ने बताया कि 8 मई को क्राइम ब्रांच सेक्टर-19 इंचार्ज मुकेश सैनी अपनी टीम के साथ सेक्टर-20 क्षेत्र में गश्त और चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी निवासी पुष्प राज नामक युवक श्मशान घाट रोड स्थित पार्किंग क्षेत्र में भारी मात्रा में चरस सप्लाई करने के लिए मौजूद है।

सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिये के युवक को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने अपनी पहचान पुष्प राज निवासी गांव फागंला, जिला मंडी (हिमाचल प्रदेश) के रूप में बताई।

**तलाशी में मिली 505 ग्राम चरस...** डीसीपी क्राइम एंड ट्रैफिक अमरिंदर सिंह ने बताया कि आरोपी की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 505 ग्राम चरस बरामद हुई। इसके बाद आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर-20 पंचकूला में एनडीपीएस एक्ट की धारा-20 के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह चरस हिमाचल प्रदेश के कुल्लू क्षेत्र से लेकर आया था और इसे पंचकूला, ढकोली, जीरकपुर तथा आसपास के इलाकों में सप्लाई किया जाना था।

**मुख्य सप्लायर की तलाश में पुलिस...** जांच के दौरान आरोपी ने अपने मुख्य सप्लायर के बारे में भी अहम जानकारी दी है। पुलिस का कहना है कि मुख्य सप्लायर की गिरफ्तारी के लिए टीमों को रवाना कर दिया गया है। इसके अलावा पुलिस उन लोगों की भी पहचान कर रही है जो आरोपी के संपर्क में थे और नशे के कारोबार से जुड़े हो सकते हैं। पुलिस अब इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी हुई है, ताकि चुनाव से पहले सक्रिय नशा तस्करी गिरोह पर बड़ी कार्रवाई की जा सके।

**नशा तस्करों को किसी कीमत पर नहीं बख्शेंगे...** पंचकूला पुलिस कमिश्नर (एडीजीपी) शिवास कविराज ने कहा कि चुनावी माहौल को प्रभावित करने वाले नशा तस्करों, अवैध गतिविधियों में शामिल लोगों और कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और नशा तस्करों के पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म करने के लिए लगातार अभियान चलाया जाएगा।



पेज 12 हक की आवाज : पंजाब में सफाई कर्मियों का...

# लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि अगले सीडीएस नियुक्त; वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन होंगे नए नौसेना प्रमुख

चंडीगढ़/यूटर्न/9 मई। भारतीय सेना के पूर्व वाइस चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल एनएस राजा सुब्रमणि (सेवानिवृत्त) को अगला चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) नियुक्त किया गया है। वह जनरल अनिल चौहान की जगह लेंगे, जो 31 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। सरकार ने वर्तमान पश्चिमी नौसेना कमांडर, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को भी भारतीय नौसेना का अगला प्रमुख नियुक्त किया है। वह एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी की जगह लेंगे, जो 31 मई को सेवा से सेवानिवृत्त हो रहे हैं। इन दोनों नियुक्तियों की घोषणा शनिवार सुबह की गई। लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि को सीडीएस नियुक्त करने वाले सरकारी आदेश में कहा गया है कि वह ₹अगले आदेश तक इस पद पर बने रहेंगे। मौजूदा नियमों के अनुसार, सीडीएस 65 वर्ष की आयु पूरी होने तक सेवा करते हैं। सरकार लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों को भी इस पद पर नियुक्त कर सकती है।



## 1985 में गढ़वाल राइफल्स में कमीशन दिया गया

उन्हें 14 दिसंबर, 1985 को गढ़वाल राइफल्स की 8वीं बटालियन में कमीशन दिया गया था। वह ब्रैक्नेल, वङ स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड स्टाफ कॉलेज और नई दिल्ली स्थित नेशनल डिफेंस कॉलेज के पूर्व छात्र हैं। अपने करियर के दौरान, उन्होंने 'ऑपरेशन राइनो' के तहत असम में उग्रवाद-रोधी अभियानों में 16 गढ़वाल राइफल्स की, जम्मू और कश्मीर में 168 इन्फैंट्री ब्रिगेड की, और एक चुनौतीपूर्ण परिचालन माहौल के दौरान सेंट्रल सेक्टर में 17 माउंटेन डिवीजन की कमान संभाली। उन्होंने पश्चिमी मोर्चे पर भारतीय सेना की प्रमुख स्ट्राइक कोर, 2 कोर की कमान भी संभाली। उन्होंने कजाकिस्तान में डिफेंस अटैची (रक्षा दूत) के रूप में भी सेवा दी है।

## स्वामीनाथन को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया

इस बीच, वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन को अगला नौसेना प्रमुख नियुक्त किया गया है। 1 जुलाई, 1987 को भारतीय नौसेना में कमीशन प्राप्त करने वाले स्वामीनाथन संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध के विशेषज्ञ हैं। खड़कवासला स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी, ब्रिटेन के श्रिवेनहैम स्थित जॉइंट सर्विसेज कमांड एंड स्टाफ कॉलेज, करंजा स्थित कॉलेज ऑफ नेवल वॉरफेयर और रोड आइलैंड के न्यूपोर्ट स्थित यूनाइटेड स्टेट्स नेवल वॉर कॉलेज के पूर्व छात्र, वाइस एडमिरल स्वामिनाथन ने अपने नौसेना करियर में कई महत्वपूर्ण ऑपरेशनल, स्टाफ और प्रशिक्षण पदों पर कार्य किया है।

## लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने सेंट्रल आर्मी की कमान संभाली

लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि ने अतीत में सेंट्रल आर्मी की कमान संभाली है। जिसे हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में वास्तविक नियंत्रण रेखा की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था। सीडीएस नियुक्त होने के बाद, वह सैन्य मामलों के विभाग के सचिव के रूप में भी कार्य करेंगे। लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सुब्रमणि वर्तमान में राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय में सैन्य सलाहकार के रूप में कार्यरत हैं; उन्होंने पिछले साल 1 सितंबर को इस पद का कार्यभार संभाला था।

# चंडीगढ़ की ऐतिहासिक शास्त्री मार्केट बनेगी स्मार्ट मार्केट, शुरू हुआ री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट

अजीत झा

चंडीगढ़। शहर की सबसे व्यस्त और पुरानी बाजारों में शामिल सेक्टर-22 स्थित शास्त्री मार्केट अब नए और आधुनिक स्वरूप में नजर आएगी। मार्केट को स्मार्ट सुविधाओं से लैस करने के लिए बहुप्रतीक्षित री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट का काम शनिवार से औपचारिक रूप से शुरू हो गया। भूमि पूजन के साथ इस महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरूआत की गई, जिसके बाद आने वाले समय में मार्केट की तस्वीर पूरी तरह बदल जाएगी।

शास्त्री मार्केट लंबे समय से न केवल चंडीगढ़ बल्कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल और अन्य राज्यों से आने वाले ग्राहकों के लिए खरीदारी का प्रमुख केंद्र रही है। खासकर रेडीमेड कपड़े, बैग, फुटवियर और घरेलू सामान के लिए यह बाजार लोगों की पहली पसंद मानी जाती है। अब प्रशासन और दुकानदारों की साझेदारी से इसे शहर की पहली स्मार्ट मार्केट के रूप में विकसित किया जाएगा।



**आधुनिक सुविधाओं से लैस होगी मार्केट...** री-डेवलपमेंट प्रोजेक्ट के तहत दुकानों और बाजार की संरचना में बड़े बदलाव किए जाएंगे। मार्केट में नए बूथ जमीन से लगभग तीन फीट ऊंचाई पर बनाए जाएंगे, जिससे बरसात और जलभराव जैसी समस्याओं से राहत मिलेगी। दुकानदारों को दुकानों की छत पर सामान स्टोर करने की सुविधा भी मिलेगी, जिससे जगह की कमी की समस्या काफी हद तक दूर होगी। लोगों की आवाजाही को आसान बनाने के लिए मार्केट में चार एंट्री और चार एग्जिट प्वॉइंट बनाए जाएंगे। इसके अलावा पार्किंग व्यवस्था को भी व्यवस्थित किया जाएगा ताकि ग्राहकों को वाहन खड़ा करने में परेशानी न हो।

**2026 तक पूरा होगा प्रोजेक्ट...** भूमि पूजन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे रं३ॅ८ ढं’ खंल्ल ने कहा कि शास्त्री मार्केट केवल व्यापारिक केंद्र नहीं बल्कि शहर की सामाजिक और आर्थिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि उनका इस बाजार से पुराना जुड़ाव रहा है और यह मार्केट चंडीगढ़ की पहचान का अहम हिस्सा है। उन्होंने बताया कि परियोजना के 2026 के अंत तक पूरा होने की संभावना है। प्रोजेक्ट पूरा होने के बाद शास्त्री मार्केट आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक आदर्श बाजार के रूप में सामने आएगी, जो शहर के अन्य बाजारों के लिए भी मॉडल साबित हो सकती है।

**दुकानदार खुद उठाएंगे खर्च...** पूर्व मेयर और प्रशासक की सलाहकार परिषद के सदस्य ऊ़५ीॅ टङ्क४ॅ’ ने बताया कि इस परियोजना को प्रशासन से मंजूरी मिल चुकी है और इसके निर्माण का पूरा खर्च दुकानदार स्वयं वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि शास्त्री मार्केट के सफल मॉडल के बाद शहर के अन्य बाजारों में भी इसी तरह के विकास कार्य लागू करने की योजना बनाई जाएगी।

**ये होंगी खास सुविधाएं**

करीब 6 से 8 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होने वाले इस प्रोजेक्ट में कई आधुनिक सुविधाएं शामिल की गई हैं—

- दुकानों का स्तर लगभग तीन फुट ऊंचा किया जाएगा
- दुकानों की छतों की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी
- बाजार को सौर ऊर्जा आधारित बनाया जाएगा
- सुरक्षा के लिए 100 से 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे
- अतिरिक्त वाटर टैंक और वाई-फाई सुविधा उपलब्ध होगी
- ग्राहकों के लिए बेहतर और व्यवस्थित पार्किंग बनाई जाएगी।

# सेक्टर-35अ में सड़क रिकारपेटिंग कार्य शुरू, पार्षद प्रेम लता ने किया उद्घाटन



चंडीगढ़/यूटर्न/09 मई। वार्ड नंबर-23 की पार्षद प्रेमलता ने क्षेत्र के विकास कार्यों को गति देते हुए सेक्टर-35अ में सड़कों की रिकारपेटिंग (री-कारपेटिंग) कार्य का उद्घाटन किया। लंबे समय से खराब हालत में पड़ी सड़कों के निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। बताया गया कि इन सड़कों का निर्माण लगभग पांच वर्ष पहले हुआ था, लेकिन समय के साथ सड़कें जर्जर और खस्ताहाल हो गई थीं। स्थानीय निवासियों द्वारा लगातार सड़क मरम्मत की मांग की जा रही थी। लोगों की समस्याओं को देखते हुए पार्षद प्रेम लता ने इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शुरू करवाया। उद्घाटन अवसर पर एसडीओ अमन कुमार, जेई जगतार सिंह, सेक्टर-35 फूल मार्केट के प्रतिनिधि राजेश कुमार, धीरज, विजय कुमार और सुदामा बिट्टू सहित बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे। इस दौरान क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू करवाने के लिए पार्षद प्रेम लता का आभार जताया। लोगों ने कहा कि सड़कें खराब होने के कारण लंबे समय से परेशानी का सामना करना पड़ रहा था और अब रिकारपेटिंग कार्य शुरू होने से उन्हें बड़ी राहत मिलेगी। पार्षद प्रेम लता ने कहा कि वार्ड में विकास कार्य लगातार जारी हैं और क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी क्षेत्र की बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करने के लिए विभिन्न विकास कार्य करवाए जाएंगे।

# होशियारपुर ने पंजाब में NOTTO अंगदान पंजीकरण में प्रथम स्थान प्राप्त किया



दलजीत अज्जोहा

होशियारपुर/यूटर्न/09 मई। होशियारपुर जिले ने NOTTO अंगदान पंजीकरण में 2018 पंजीकरणों के साथ पूरे पंजाब में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पटियाला 1147 पंजीकरणों के साथ दूसरे तथा लुधियाना 968 पंजीकरणों के साथ तीसरे स्थान पर रहा। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि आई डोनेशन एसोसिएशन, होशियारपुर, जो पिछले 26 वर्षों से समाज सेवा कर रही है, के प्रयासों तथा जिला स्वास्थ्य विभाग, जिला प्रशासन और डायरेक्टोरेट ऑफ मेडिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, पंजाब के सहयोग से संभव हुई है। एसोसिएशन द्वारा लगातार सेमिनार, जागरूकता अभियान, काउंसलिंग सत्र और प्रेरणात्मक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को अंगदान एवं नेत्रदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा डॉ. मनदीप कमल, सिविल सर्जन होशियारपुर को ज्ञापन सौंपा गया है, ताकि इस मामले को डिप्टी कमिश्नर एवं माननीय स्वास्थ्य मंत्री, पंजाब को भेजकर इस मानवतावादी अभियान से जुड़े विभागों, स्वयंसेवकों और समाज सेवकों को सम्मानित किया जा सके। एसोसिएशन ने आम जनता से अपील की कि वे अंगदान पंजीकरण में बढ़-चढ़कर भाग लें और इस महान कार्य में सहयोग दें।

# मंत्री संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी से सियासी तूफान, ED की छवि पर उठे सवाल, भरोसे और छवि की लड़ाई शुरू

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/09 मई। मंत्री संजीव अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद लोगों में गहरा रोष पाया जा रहा है खासकर उनके हलके में लोगों का कहना है कि इलाके में ऐसा लीडर पहले कभी नहीं आया जिसे हर कहा हुआ काम तुरंत करने की कोशिश की और अधिकतर को पूरा कर दिखाया साफ बात करने वाले किसी को कोई लारा लप्पा नहीं यानी अपने हल्के में ऐसी छवि रखते हैं उनके इलाके के लोग उनकी गिरफ्तारी को गलत बता रहे हैं लोगों के कहना है कि अगर इसमें भाजपा का कोई हस्तक्षेप है तो यह भाजपा के लिए भी सबसे बुरी बात है और इससे भाजपा की ही बदनामी होगी कि उन्होंने ऐसे व्यक्ति पर कार्रवाई करवा कर अपनी छवि का नुकसान कराया है संजीव अरोड़ा के इलाके के रहने वाले गुरु चरण सिंह ने बताया कि वह उनसे कई बार मिला वह हर बार पूछते कोई काम हो तो बताओ अगर अपने आसपास भी किसी को कोई तकलीफ है तो उनके पास लेकर आए ताकि वह उसका काम करवा सके। वह अपने हलके के लोगों से खून की तकलीफों को पूछते हैं और उसका तुरंत निवारण करने की कार्रवाई शुरू कर देते एक अन्य हल्का




निवासी राजेश ने बताया कि पहली बार उन्होंने ऐसा नेता देखा है जो लोगों के काम करके खुश होता था वह अक्सर कहते थे कि उनका काम बढ़ गया है परंतु जिस भी उनसे काम है वह उनका पीछा ना छोड़े और काम होने तक उन्हें याद दिलाता रहे ताकि वह उसका काम करवा सके संजीव अरोड़ा का कहना था वह जिन विभागों के मंत्री हैं उससे संबंधित भी भारी संख्या में लोग उनसे मिलते रहते हैं रोज की भाग दौड़ पर मीटिंगो के दौर में कुछ समय के लिए कोई काम उनके दिमाग से निकल भी सकता है इसलिए वह अपने हलके के लोगों से कहते कि वह उनके संपर्क में रहें हां जैसे ही लोगों को पता चला कि ईडी ने उन पर फिर से रेड कर दी तो वह हैरान रह गये। एक महिला सरोज बाला ने कहा कि वह किसी काम के सिलसिले में मंत्री संजीव अरोड़ा से मिली तो उन्होंने तुरंत उसकी तकलीफ पूछ कर मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निर्देश देने शुरू कर दिए और उसका फॉरेन काम करवा कर कहा कि लीजिए आपका काम हो गया अब आप इतनी नाम से घर जा सकते हैं। एक अन्य व्यक्ति राजकुमार ने अपनी स्थिति बयां करते हुए कहा कि दयानंद हॉस्पिटल में उसके परिजन भर्ती थे उनका ऑपरेशन होना था पर उसके पास पैसे नहीं थे ऐसे में संजीव अरोड़ा जो दयानंद अस्पताल की मैनेजिंग समिति के प्रमुख प्रतिनिधियों में से एक है से उन्होंने संपर्क किया जिस प्रकार भाई करते हुए संजीव अरोड़ा ने फौरन उनका बिल माफ करने अथवा कम से कम पैसे लेने के निर्देश जारी कर दिए जिससे उन्हें आर्थिक रूप से काफी राहत मिली। एक बुजुर्ग व्यक्ति ने कहा कि संजीव अरोड़ा से ऐसी कोई उम्मीद नहीं की जा सकती कि वह कोई भी गैर कानूनी कार्य कर सकते हैं अगर इसमें कोई बात सामने आती है तो उसमें जरूर अन्य व्यक्तियों के नाम सामने आएंगे उन्होंने कहा कि संजीव अरोड़ा यारों के यार हैं और गलत यारों की संगत में कई बार नुकसान भी हो जाता है और लोग ऐसी छवि वाले लोगों का नाजायज फायदा ले जाते हैं।

# पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी

चंडीगढ़,/यूटर्न/09 मई। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी शनिवार को पश्चिम बंगाल में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने पश्चिम बंगाल के नवनियुक्त मुख्यमंत्री श्री सुवेंदु अधिकारी व बंगाल की जनता को बधाई दी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक दिन है और यह जीत वर्ष 2047 के विकसित भारत के संकल्प की जीत है। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ऐतिहासिक धरा पश्चिम बंगाल देश को नई दिशा देने का कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नई सरकार प्रदेश के विकास, सुशासन और जनकल्याण के नए आयाम स्थापित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जनता ने विकास, राष्ट्रहित और सुशासन के पक्ष में अपना समर्थन दिया है। केंद्र और राज्य मिलकर विकसित भारत-2047 के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त करेंगे।

## रूह से रूबरू






चारु नागपाल

### आजाद बंगाल

पश्चिम बंगाल में चुनावों के बाद राजनीतिक माहौल पूरी तरह बदल गया है। ममता बनर्जी की सरकार और उनकी पार्टी की हार के बाद कई जगहों पर लोगों ने खुशी जाहिर की। आम जनता का कहना है कि लंबे समय से वे डर, हिंसा और राजनीतिक दबाव का सामना कर रहे थे। इसलिए इस बदलाव को लोग एक नई शुरूआत के रूप में देख रहे हैं। कई इलाकों में लोगों ने मिठाइयाँ बांटी, पटाखे चलाए और जश्न मनाया। माहौल ऐसा दिखाई दे रहा है मानो बंगाल को 1947 जैसी आजादी दोबारा मिल गई हो। लोगों का आरोप था कि पिछले कुछ वर्षों में राजनीतिक विरोधियों और आम नागरिकों पर अत्याचार बढ़ गए थे। कई लोगों को अपनी बात खुलकर कहने में डर लगता था। चुनाव परिणाम आने के बाद जनता ने इसे लोकतंत्र की जीत बताया। युवाओं, व्यापारियों और किसानों में नई उम्मीद देखने को मिली है। उनका मानना है कि अब बंगाल में शांति, विकास और निष्पक्ष माहौल स्थापित होगा। हालांकि राजनीति में हर दल के समर्थक और विरोधी होते हैं, लेकिन लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत जनता का फैसला होता है। बंगाल के लोगों ने अपने वोट के माध्यम से यह संदेश दिया कि जनता की आवाज सबसे ऊपर है और वही किसी भी सरकार का भविष्य तय करती है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Divorce के बाद Child Custody बदली जा सकती है क्या?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

तलाक के समय Child Custody का निर्णय लिया जाता है, लेकिन कई लोग यह मान लेते हैं कि यह अंतिम (finfal) और स्थायी होता है। वास्तव में, ऐसा नहीं है।

कानून का मुख्य सिद्धांत हमेशा एक ही रहता है—बच्चे का सर्वोत्तम हित (welfare of the child)। यदि समय के साथ परिस्थितियों में बदलाव आता है, तो Custody Order को बदला जा सकता है।

उदाहरण के तौर पर, यदि जिस अभिभावक के पास custody है, वह बच्चे की उचित देखभाल नहीं कर पा रहा है, या उसकी परिस्थितियां बदल गई हैं—जैसे नौकरी, स्वास्थ्य, या रहने का वातावरण—तो दूसरा अभिभावक अदालत में Custody Modificationf के लिए आवेदन कर सकता है। इसी प्रकार, यदि बच्चा बड़ा हो गया है और अपनी इच्छा व्यक्त करने की स्थिति में है, तो अदालत उसकी पसंद (preferenfce) को भी ध्यान में रख सकती है।

अदालत हर बार नए सिरे से यह देखती है कि बच्चे के लिए कौन-सा विकल्प बेहतर है। यह निर्णय माता-पिता के अधिकार के आधार पर नहीं, बल्कि बच्चे के हित के आधार पर लिया जाता है।

कई बार लोग पुराने आदेश को अंतिम मानकर कोई कदम नहीं उठाते, जबकि कानून परिस्थिति बदलने पर सुधार का अवसर देता है।

निष्कर्ष: Child Custody स्थायी नहीं होती। यदि परिस्थितियों में बदलाव हो, तो अदालत से उसे संशोधित कराया जा सकता है—हमेशा बच्चे के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए।

# हीरो होम्स के सपनों का घर बना सिरदर्द ! 11.72 लाख डकारने वाले बिल्डर को आयोग ने लगाई फटकार




Hero Homes

शैफाली

लुधियाना/यूटर्न/09 मई। सपनों का घर दिखाकर लाखों रुपए लेने वाले बिल्डर को आखिरकार उपभोक्ता आयोग ने बड़ा झटका दिया है। जिला उपभोक्ता विवाद निवारण आयोग, लुधियाना ने हीरो रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड को आदेश दिए हैं कि वह खरीदार के 11.72 लाख रुपए ब्याज सहित तुरंत लौटाए। इतना ही नहीं, आयोग ने कंपनी पर 25 हजार रुपए हर्जाना और 10 हजार रुपए मुकदमेबाजी खर्च भी लगाया है।

पूरा मामला मालेरकोटला निवासी मुकेश गांधी से जुड़ा है। शिकायत के मुताबिक साल 2015 में ह्लहीरो होम्सह्व प्रोजेक्ट, गांव बीरमी (लुधियाना) में शानदार सुविधाओं, प्रीमियम फिटिंग्स और लग्जरी लाइफस्टाइल के बड़े-बड़े वादे कर उनसे पहले 2.5 बीएचके और बाद में करीब 1700 वर्ग फुट का 3 बीएचके फ्लैट बुक करवाया गया। इसके लिए उन्होंने अलग-अलग किश्तों में कुल 11.72 लाख रुपए जमा



करवाए। लेकिन जब दिसंबर 2020 में खरीदार ने साइट विजिट की तो हकीकत देखकर हैरान रह गया। शिकायत में आरोप लगाया गया कि फ्लैट की सीलिंग हाइट कम थी, निर्माण सामग्री घटिया थी, फिनिशिंग खराब थी और कई वादा की गई सुविधाएं मौके पर मौजूद ही नहीं थीं। यानी जो सपना दिखाया गया था, जमीन पर तस्वीर बिल्कुल अलग निकली। वहीं बिल्डर कंपनी ने दलील दी कि खरीदार नियमित भुगतान नहीं कर रहा था, इसलिए एग्रीमेंट की शर्तों के मुताबिक फ्लैट की अलॉटमेंट रद्द कर दी गई। हालांकि आयोग ने साफ कहा कि भुगतान में देरी होने का मतलब यह नहीं कि बिल्डर खरीदार की रकम सालों तक अपने पास रखे। आयोग ने टिप्पणी करते हुए कहा कि अलॉटमेंट रद्द होने के बाद पैसा वापस न करना सेवा में कमी और अनुचित व्यापार व्यवहार है। उपभोक्ता आयोग के इस फैसले को रियल एस्टेट सेक्टर के लिए बड़ा संदेश माना जा रहा है। साथ ही उन लोगों के लिए राहत की खबर भी है, जो बिल्डरों के खिलाफ अपने हक की कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। गौरतलब है कि हीरो होम्स और हीरो रियल्टी समूह के संस्थापक सुनील कांत मुंजाल, जो वैश्विक स्तर पर प्रमुख उद्योगपतियों और स्टार्टअप निवेशकों में गिने जाते हैं, उनकी रियल एस्टेट कंपनी पर इस तरह का जुर्माना लगना अपने आप में हैरानी की बात मानी जा रही है।

# RIMT यूनिवर्सिटी में नर्सिंग स्टूडेंट्स का हंगामा, कैंपस में की तोड़फोड़, प्रबंधन से चल रहा विवाद गमार्या

लुधियाना/यूटर्न/9 मई। फतेहगढ़ साहिब जिले के मंडी गोबिंदगढ़ स्थित रिजनल इंस्टीट्यूट ऑफ मैनजमेंट एंड टेक्नोलॉजी (फ्क्टल) यूनिवर्सिटी में नर्सिंग छात्राओं का विवाद बढ़ गया है। स्टूडेंट्स ने कैंपस में तोड़फोड़ की, जिसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में छात्राएं गमलों से यूनिवर्सिटी के शीशे तोड़ते और हंगामा करते दिख रही हैं बीएससी नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों के छात्रों का यूनिवर्सिटी प्रबंधन से लंबे समय से विवाद चल रहा है। इसी के चलते छात्रों ने पहले प्रदर्शन किया और फिर गुस्से में आकर कैंपस में तोड़फोड़ शुरू कर दी। फतेहगढ़ साहिब के डीएसपी कुलबीर सिंह ने बताया कि प्रशासन लगातार छात्राओं के संपर्क में है।



डीसी और एसएसपी स्तर पर भी छात्रों से बातचीत कराई गई है। मामले को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने के प्रयास जारी हैं। पुलिस ने कैंपस और आसपास सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो।

**यूनिवर्सिटी को बदनाम करने की कोशिश: प्रो-चांसलर...** यूनिवर्सिटी के प्रो-चांसलर डॉ. बीएस भाटिया का भी सोशल मीडिया पर एक वीडियो बयान सामने आया है। उन्होंने छात्रों और अभिभावकों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की। डॉ. भाटिया ने कहा कि यूनिवर्सिटी पूरी तरह मान्यता प्राप्त पाठ्यक्रम संचालित कर रही है और संस्थान के पास 100 सीटों की मंजूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ लोग यूनिवर्सिटी को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

**पहले भी प्रबंधन से हो चुका विवाद...** गौरतलब है कि इससे पहले भी छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया था। तब छात्रों ने जीटी रोड जाम कर कॉलेज प्रबंधन पर धोखाधड़ी, अत्यधिक फीस वसूली और भविष्य खराब करने जैसे आरोप लगाए थे। छात्राओं का दावा था कि कोर्स पूरा होने के बाद भी उन्हें डिग्री और सर्टिफिकेट नहीं दिए जा रहे हैं। फिलहाल, प्रशासन दोनों पक्षों से बातचीत कर रहा है और स्थिति को शांत करने का प्रयास किया जा रहा है।

# बीवीएम, ऊधम सिंह नगर में मातृ दिवस पर भावनात्मक कार्यक्रम, बच्चों ने प्रस्तुतियों से जीता दिल

लुधियाना/यूटर्न/09 मई। बीवीएम, ऊधम सिंह नगर में मातृ दिवस बड़े ही उत्साह और भावनात्मक माहौल में मनाया गया। इस अवसर पर शिशु वाटिका के छात्रों के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें उनकी माताओं को भी आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन और प्रार्थना से हुई, जिसके बाद बच्चों ने कविता वाचन, गीत और मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया।




माताओं के लिए आयोजित एक मिनट के खेलों ने कार्यक्रम को और भी रोचक बना दिया। मुख्य अतिथि श्रीमती संतोष सूद की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। छात्रों पलक गोगला, गरिमा और श्रद्धा ने मातृ दिवस के महत्व पर अपने विचार साझा किए। विद्यालय के छात्रों ने माताओं के निस्वार्थ प्रेम पर आधारित गीत प्रस्तुत किया, जिसने सभी को भावुक कर दिया।

कक्षा आठवीं के छात्रों द्वारा ह्लमॉम एंड मी-मेमोरी बोर्डह्व गतिविधि आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें माताओं के साथ यादगार पल प्रदर्शित किए गए। कक्षा पांचवी के छात्रों ने ह्लएक पेड़ मां के नामह्व गतिविधि के माध्यम से पौधा भेंट कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन प्रधानाचार्य श्री पवन सूद द्वारा शुभकामनाओं और आभार प्रदर्शन के साथ हुआ।

# स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में मनाया गया मदर्स डे



लुधियाना/यूटर्न/9 मई। स्प्रिंग डेल पब्लिक स्कूल में मदर्स डे को बडे धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पूरे स्कूल को रंग-बिरंगे गुब्बारों से सजाया गया। इस दौरान स्कूल की चेयरपर्सन अविनाश कौर वालिया डायरेक्टर्, कमलप्रीत कौर और प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। शबद गायन की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को गति प्रदान की गई। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों की माताओं ने इस रंगारंग कार्यक्रम में भाग लेकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई कलाकृतियों एवं मंत्रमुग्ध कर देने वाले नृत्य ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। इस कार्यक्रम में आकर्षण का मुख्य केंद्र माताओं द्वारा की गई रैंप वॉक रही। एक मिनट के खेलों को खेलकर सभी माताओं ने अपना मनोरंजन किया। स्कूल की चेयरपर्सन मैडम अविनाश कौर वालिया ने अपने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि मां ममता की मूर्त है, रूहानियत का अहसास है और प्यार की ठंडी छांव का स्त्रोत है और माँ के बिना दुनिया की कल्पना करना असंभव है। इसके साथ ही डायरेक्टर्स मनदीप वालिया, कमलप्रीत कौर, डिप्टी डायरेक्टर सोनिया वर्मा और प्रिंसिपल अनिल कुमार शर्मा एवं समस्त स्टाफ ने भी सभी बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई गतिविधियों की खूब सराहना की।

## विधायक बग्गा ने महाराणा प्रताप लाइब्रेरी व कम्युनिटी सेंटर का किया लोकार्पण



लुधियाना/यूटर्न/9 मई। न्यू शिवपुरी स्थित नवनिर्मित महाराणा प्रताप लाइब्रेरी एवं कम्युनिटी सेंटर का उदघाटन शनिवार को विधायक बग्गा ने किया। पार्षद मनजीत ढिल्लो, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा पंजाब के अध्यक्ष डिंपल राणा सहित सैंकड़ों इलाका निवासी ऐतिहासिक पलों के साक्षी बने। महाराणा प्रताप जी 486वीं जयंती को समर्पित समारोह का आयोजन अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा और महाराणा प्रताप राजपूत सभा ने संयुक्त रुप से किया था। विधायक मदन लाल बग्गा मुख्य अतिथि शामिल होकर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित नमन कर श्रद्धांजलि भेंट की। भजन गायकों ने महाराणा प्रताप के जीवन और संघर्षो पर आधारित गीत व कविताएं प्रस्तुत की। विधायक बग्गा ने महाराणा प्रताप के साहस, त्याग और राष्ट्रभक्ति को याद करते हुए कहा उन्होने केवल राजपूत समाज ही नहीं बल्कि पूरे देश की स्वतंत्रता के लिए कठिन परिस्थितियों में मुगलों के सामने घुटने नहीं टेके और मातृभूमि की रक्षा के लिए अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर दिया। उन्होंने युवा वर्ग से महाराणा प्रताप के आदर्शो पर चलने का आहवान किया। इस अवसर पर पार्षद पुष्पिन्द्र भनोट, संत सिंह राणा, डी.एस राणा, अनिल ठाकुर, नरेश राणा, मिंटू राणा, रिंकू राणा, नितिन राणा, आशू राणा, गौतम पुंडीर, राणा रणजीत सिंह, अशोक जसरोटिया, रणधीर राणा, कुलदीप शर्मा, तजिन्द्र चहल, हरीश दुआ, माम चंद राणा, संदीप रघु, सोनी राणा उपस्थित रहे।

## पंजाब में बढ़ते चारा संकट को लेकर गौ सेवक संगठनों ने राज्यपाल से की मुलाकात



लुधियाना/यूटर्न/9 मई। राष्ट्रीय गौ सेवा मिशन के अध्यक्ष स्वामी कृष्णा नंद के नेतृत्व में विभिन्न गौ सेवक संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया से मुलाकात कर प्रदेश में गहराते चारा संकट को लेकर चिंता व्यक्त की। स्वामी कृष्णा नंद ने कहा कि लगातार बढ़ती महंगाई और चारे की कमी के चलते गौशालाओं व पशुपालकों के सामने गंभीर स्थिति उत्पन्न हो चुकी है। कई स्थानों पर गौवंश को दो वक्त का भरपेट भोजन तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा। उन्होंने कहा कि चारे के दाम आसमान छू रहे हैं, जिससे गौ सेवा से जुड़े संगठनों और पशुपालकों पर आर्थिक बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल को बताया कि पंजाब में डाइंग उद्योग सहित अन्य व्यावसायिक गतिविधियों में पशुओं के चारे के रूप में इस्तेमाल होने वाली तूड़ी का बड़े स्तर पर उपयोग किया जा रहा है, जिसके कारण गौवंश एवं भैंसों के लिए चारे की भारी कमी पैदा हो गई है। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से मांग की कि सरकार इस गंभीर समस्या का स्थायी समाधान निकाले तथा पशुओं के लिए चारे की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु विशेष कदम उठाए जाएं। इस दौरान राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया। इस अवसर पर महाराज ज्ञानचंद, बिट्टू गुंबर, कमल शर्मा, केशव आनंद, संदीप चुग सहित कई गौ सेवक एवं समाजसेवी उपस्थित रहे।

# पुलिस टीम पर हमला, ड्रग्स तस्कर हिरासत से फरार; सड़क पर मचा घंटों हंगामा

## सेक्टर-26 में ANTF की कार्रवाई के दौरान बवाल, तीन महिलाएं गिरफ्तार

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/09 मई। शहर के सेक्टर-26 में शुक्रवार शाम उस समय अफरातफरी मच गई जब ड्रग्स तस्कर को पकड़ने पहुंची एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम पर आरोपी के परिजनों ने हमला कर दिया। हंगामे और हाथापाई के बीच आरोपी पुलिस हिरासत से फरार हो गया। घटना के बाद इलाके में सड़क पर काफी देर तक हाईवोल्टेज ड्रामा चलता रहा और ट्रैफिक भी प्रभावित हुआ। मामले में पुलिस ने सरकारी कार्य में बाधा डालने, पुलिस टीम पर हमला करने और आरोपी को भगाने सहित विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है।

### ड्रग्स डील की सूचना पर पहुंची थी टीम

पुलिस सूत्रों के अनुसार एएनटीएफ की टीम को सूचना मिली थी कि सेक्टर-26 बापूधाम कॉलोनी निवासी सुनील उर्फ नंदू टिंबर मार्केट इलाके में ड्रग्स सप्लाई करने आने वाला है। सूचना के आधार पर छह सदस्यीय पुलिस टीम ने सेक्टर-26 स्थित पेट्रोल पंप के पास जाल बिछाया।

शाम करीब पौने छह बजे आरोपी अपनी पत्नी के साथ स्कूटर पर मौके पर पहुंचा। पुलिस ने उसे काबू कर लिया और पूछताछ के लिए साथ ले जाने लगी। बताया जा रहा है कि पुलिस के पास आरोपी की कथित ड्रग्स डील से जुड़ी रिकॉर्डिंग भी मौजूद थी।





### खालसा कॉलेज के पास बिगड़ा माहौल

*जब एएनटीएफ टीम आरोपी को लेकर टिंबर मार्केट से खालसा कॉलेज की ओर पहुंची, तभी आरोपी के परिजन भी वहां पहुंच गए। परिवार के लोगों ने पुलिस कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया और आरोपी को ले जाने से रोकने लगे।*

*प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार देखते ही देखते बहस ने विवाद का रूप ले लिया। महिलाओं ने पुलिस टीम के साथ हाथापाई शुरू कर दी, जिससे मौके पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई। हंगामे के दौरान आरोपी पुलिस की पकड़ से छूटकर फरार हो गया।स्थिति बिगड़ती देख पुलिस टीम ने कंट्रोल रूम को सूचना दी, लेकिन तब तक आरोपी मौके से भाग चुका था।*

### सड़क पर लगा जाम, मची अफरातफरी

घटना के दौरान सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई और ट्रैफिक जाम की स्थिति बन गई। मौके पर मौजूद लोगों के बीच काफी देर तक अफरातफरी का माहौल रहा। बाद में थाना पुलिस और पीसीआर टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया गया। सूचना मिलने के बाद एसएसपी कंवरदीप कौर ने मामले में तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। एएनटीएफ इंचार्ज इंस्पेक्टर हरमंदरजीत सिंह भी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

### तीन महिलाएं गिरफ्तार

पुलिस ने मामले में आरोपी की पत्नी ज्योति, भाभी रीना और रीना की बेटी शिल्पा को गिरफ्तार किया है। वहीं गर्भवती महिला नैना को मेडिकल जांच के बाद छोड़ दिया गया। पुलिस ने आरोपी का स्कूटर भी कब्जे में ले लिया है और फरार सुनील उर्फ नंदू की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

### परिवार ने पुलिस पर लगाए आरोप

दूसरी ओर आरोपी के परिवार ने पुलिस पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। आरोपी के भाई शंकर का कहना है कि पुलिस ने परिवार की महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार किया। गर्भवती नैना ने आरोप लगाया कि पुलिसकर्मियों ने उसके साथ मारपीट की और थाने में भी गलत व्यवहार किया गया।हालांकि पुलिस अधिकारियों ने इन आरोपों पर कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की है।

### पहले भी दर्ज हैं मामले

पुलिस के मुताबिक सुनील उर्फ नंदू के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज हो चुका है। फिलहाल पुलिस टीम पर हमले और आरोपी को भगाने के मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।एसएसपी कंवरदीप कौर ने कहा कि पुलिस टीम पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और फरार आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# शिवालिक विहार में घर में लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

## शॉर्ट सर्किट से भड़की आग ने कुछ ही मिनटों में पूरे घर को लिया चपेट में







जीरकपुर/यूटर्न/09 मई। शिवालिक विहार इलाके में शनिवार दोपहर एक मकान में लगी भीषण आग ने परिवार की वर्षों की मेहनत को कुछ ही मिनटों में राख में बदल दिया। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते पूरा घर धुएं और लपटों से घिर गया। हादसे के दौरान घर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे बड़ा जान-माल का नुकसान होने से तो बचाव हो गया, लेकिन लाखों रुपये की संपत्ति जलकर नष्ट हो गई।

मकान मालिक जतिन मल्होत्रा ने बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का कार्य करते हैं और उनकी पत्नी निजी कंपनी में नौकरी करती हैं। शनिवार दोपहर दोनों काम के सिलसिले में घर से बाहर थे। इसी दौरान पड़ोसियों ने फोन कर घर में आग लगने की सूचना दी। जब तक



वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग पूरे घर में फैल चुकी थी।

परिवार के अनुसार आग में करीब साढ़े तीन लाख रुपये की नकदी, तीन से चार तोले सोने के जेवर, फर्नीचर, इलेक्ट्रॉनिक सामान और अन्य घरेलू वस्तुएं जलकर राख हो गई। उन्होंने बताया कि कुछ समय पहले ही उनका विवाह हुआ था और धीरे-धीरे घर का सामान जुटाया था, लेकिन एक हादसे ने सब कुछ खत्म कर दिया। प्राथमिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। जानकारी के मुताबिक घर में लगी पीवीसी सीलिंग के भीतर अचानक बिजली का शॉर्ट सर्किट हुआ, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। पीवीसी सामग्री होने के कारण आग ने कुछ ही मिनटों में विकराल रूप ले लिया।

मौके पर पहुंचे फायर अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर भेजी गई थी। करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि समय रहते कार्रवाई होने से आग को आसपास के मकानों तक फैलने से रोक लिया गया। फिलहाल फायर विभाग और पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# प्रदेशभर में मनाया जाएगा 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अखंड आस्था' कार्यक्रम

चंडीगढ़/यूटर्न/09 मई। हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेशभर में 11 मई 2026 को 'सोमनाथ स्वाभिमान पर्व-1000 वर्ष की अखंड आस्था' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन भारत की सनातन संस्कृति, आस्था, स्वाभिमान और गौरवशाली इतिहास को समर्पित होगा। राज्य के सभी जिलों में आयोजित होने वाले इस विशेष कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की सांस्कृतिक विरासत, सनातन परंपराओं तथा सोमनाथ मंदिर के गौरवशाली इतिहास से नई पीढ़ी को जोड़ना है। यह पर्व भारत की उस अदम्य आस्था और आत्मसम्मान का प्रतीक है, जिसने अनेक चुनौतियों के बावजूद अपनी सांस्कृतिक चेतना को सदैव जीवित रखा।



कार्यक्रम के तहत कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी, नूंह में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री राव इंद्रजीत सिंह, फरीदाबाद में केंद्रीय राज्य मंत्री श्री कृष्णपाल गुर्जर, करनाल में विधानसभा अध्यक्ष श्री हरविंद्र कल्याण, जींद में विधानसभा के उपाध्यक्ष डॉ. कृष्ण लाल मिड्ढा, अंबाला में ऊर्जा मंत्री श्री अनिल विज, सोनीपत में विकास एवं पंचायत मंत्री श्री कृष्ण लाल पंवार और गुरुग्राम में उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री श्री राव नरबीर सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

# हाजीरतन चौक को मिलेगी नई पहचान, 20 लाख की लागत से बनेगा स्वागतम गेट

## पूर्व मेयर पदमजीत सिंह मेहता ने करवाया निर्माण कार्य का शुभारंभ





सोनू टुटेजा

बठिंडा/यूटर्न/09 मई। मालवा के एतिहासिक शहर बठिंडा को आदर्श शहर बनाने के अपने सपने के तहत लगातार प्रयास कर रहे नगर निगम बठिंडा के पूर्व मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने आज स्थानीय हाजीरतन चौक के पास बनने वाले भव्य स्वागतम् गेट के निर्माण कार्य का शुभारंभ करवाया। इस अवसर पर उनके साथ पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर श्री शाम लाल जैन भी विशेष रूप से मौजूद थे। इस दौरान पूर्व मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहता ने कहा कि आज वार्ड नंबर 24 में स्थित हाजीरतन चौंक के पास लगभग 20 लाख रुपये की लागत से स्वागतम् गेट का निर्माण कार्य शुरू करवाया गया है। यह स्वागतम्-गेट इलाके की सुंदरता को बढ़ाने के साथ-साथ इसे नई पहचान भी प्रदान करेगा। श्री मेहता ने कहा कि पंजाब सरकार एवं मुख्यमंत्री सरदार भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में बठिंडा शहर में लगातार विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, ताकि शहर को आधुनिक एवं सुंदर स्वरूप दिया जा सके। इस अवसर पर समस्त मोहल्ला निवासियों ने खुशी प्रकट करते हुए कहा कि लंबे समय से इस स्वागतम् गेट की मांग की जा रही थी, जो अब पूरी होने जा रही है, जिसके लिए वह पूर्व मेयर श्री पदमजीत सिंह मेहताव पूर्व सीनियर डिप्टी मेयर श्री शाम लाल जैन के धन्यवादी हैं।

# नशा मुक्त पंजाब की ओर कदम ..पनग्रेन चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने युवाओं को बांटी स्पोर्ट्स किट

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/6/मई। पंजाब सरकार द्वारा युवाओं को खेलों के प्रति प्रोत्साहित करने और उन्हें नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से दूर रखने के मिशन के तहत, पनग्रेन के चेयरमैन डॉ. तेजपाल सिंह गिल ने एक विशेष पहल की है। उन्होंने सुधार स्थित अपने कार्यालय में हल्का दाखा के विभिन्न गांवों से आए युवाओं को खेल सामग्री (स्पोर्ट्स किट) वितरित की।



**युवा शक्ति को खेलों से जोड़ने का संकल्प...**इस अवसर पर युवाओं को संबोधित करते हुए डॉ. गिल ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**उन्होंने जोर देकर कहा...** नशा मुक्तिः यदि युवा खेल के मैदानों से जुड़ेंगे, तो वे स्वतः ही नशे और अन्य सामाजिक कुरीतियों से दूर रहेंगे। बुनियादी ढांचाः सरकार राज्य भर में खेल के मैदानों का नवीनीकरण कर रही है और खिलाड़ियों को हर संभव आधुनिक सुविधाएं प्रदान कर रही है।

समग्र विकासः खिलाड़ियों के लिए पौष्टिक आहार, कुशल कोचों की नियुक्ति और मुफ्त खेल किट वितरण जैसे कदम जमीनी स्तर पर बदलाव ला रहे हैं।

₹हमारा लक्ष्य पंजाब को खेलों के क्षेत्र में देश का नंबर-वन राज्य बनाना है। खेल न केवल शरीर को स्वस्थ रखते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन और उज्ज्वल भविष्य की नींव भी रखते हैं।₹-डॉ. तेजपाल सिंह गिल, चेयरमैन, पनग्रेन

**सरकार के प्रयासों में सहयोग की अपील...** डॉ. गिल ने क्षेत्र के युवाओं और खेल प्रेमियों से आह्वान किया कि वे पंजाब को खेलों में अग्रणी बनाने के लिए सरकार के प्रयासों का पुरजोर समर्थन करें। उन्होंने विश्वास जताया कि खेल संस्कृति के पुनरुद्धार से पंजाब की जवानी एक बार फिर पूरी दुनिया में चमक बिखेरेगी।

# शिवालिक विहार की बदहाली पर भड़के लोग, विकास कार्य ठप

## टूटी सड़कें, गंदगी और लटकते बिजली तारों से वार्ड-27 के लोग परेशान





जीरकपुर/यूटर्न/09 मई। शिवालिक विहार के वार्ड नंबर-27 की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। क्षेत्र में टूटी सड़कें, जगह-जगह फैली गंदगी और लटकते बिजली के तार लोगों के लिए परेशानी का सबब बने हुए हैं। स्थानीय निवासियों का कहना है कि इलाके की हालत देखकर ऐसा लगता है मानो किसी दूरदराज ग्रामीण क्षेत्र में पहुंच गए हों। लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण के लिए बजट स्वीकृत होने के बावजूद आज तक काम शुरू नहीं हुआ। ऐसे में क्षेत्रवासी प्रशासन से सवाल कर रहे हैं कि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत बजट आखिर कहां खर्च हुआ। क्षेत्र के समाजसेवी योगेश अरोरा सोनी ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि वार्ड में चारों तरफ गंदगी के ढेर लगे हैं, लेकिन समाधान के लिए कोई गंभीर प्रयास नहीं किए जा रहे। उन्होंने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है, जिससे डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। योगेश अरोड़ा सोनी ने बताया कि वार्ड पार्षद का कार्यकाल समाप्त होने के बाद अब सभी जिम्मेदारी प्रशासन के अधीन है, लेकिन इसके बावजूद आवश्यक विकास कार्यों में तेजी नहीं लाई जा रही। कई बार पत्र लिखकर प्रशासन को समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि क्षेत्र में जल्द सड़क निर्माण कराया जाए, लटकते बिजली तारों की मरम्मत हो, विशेष सफाई अभियान चलाया जाए और मच्छरों से बचाव के लिए नियमित फॉगिंग करवाई जाए।



# मतदाता सूचियों में गड़बड़ी के आरोपों पर कांग्रेस का विरोध तेज

## कांग्रेस नेताओं ने एसडीएम को सौंपा एतराज, वोट काटने और बाहरी नाम जोड़ने का लगाया आरोप

जीरकपुर/यूटर्न/09 मई। जीरकपुर नगर काउंसिल चुनावों से पहले मतदाता सूचियों को लेकर राजनीतिक माहौल गमार्ने लगा है। कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने मतदाता सूचियों में कथित धांधली का आरोप लगाते हुए प्रशासन के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया।

पूर्व पार्षद नवतेज नवी की अगुवाई में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम डेराबस्सी को एतराज सौंपते हुए आरोप लगाया कि चुनाव से पहले वोटों में बड़े स्तर पर हेराफेरी की जा रही है। नेताओं का कहना है कि विपक्ष से जुड़े मतदाताओं के नाम सूची से काटे जा रहे हैं, जबकि बाहरी लोगों के नाम नियमों के विपरीत जोड़े जा रहे हैं।



कांग्रेस कार्यकताओं ने आरोप लगाया कि यह सब आगामी चुनावों को प्रभावित करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि पूरे मामले की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच करवाई जाए तथा मतदाता सूचियों का पुनः सत्यापन कराया जाए, ताकि किसी भी पात्र मतदाता का नाम सूची से बाहर न रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव सबसे महत्वपूर्ण होते हैं और यदि मतदाता सूचियों में ही गड़बड़ी होगी तो चुनाव प्रक्रिया की पारदर्शिता पर सवाल खड़े होंगे।

कांग्रेस नेताओं ने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द उचित कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी कार्यकर्ता बड़े स्तर पर आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# पश्चिम बंगाल में भाजपा की बड़ी जीत के बाद पंजाब की राजनीति गरमाई, 2027 चुनाव को लेकर चर्चाएं तेज

चंडीगढ़/यूटर्न/09 मई। पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी की शानदार जीत के बाद अब पंजाब की राजनीति को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं। राजनीतिक गलियारों में 2027 पंजाब विधानसभा चुनाव को लेकर अभी से माहौल बनना शुरू हो गया है। भाजपा समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं का मानना है कि आने वाले समय में पंजाब में भी भाजपा अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराएगी और एक बड़ी राजनीतिक ताकत के रूप में उभरेगी।

भारतीय जनता युवा मोर्चा पंजाब के नेता विशाल शर्मा ने कहा कि पश्चिम बंगाल की जीत ने पूरे देश में भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पंजाब में भी जनता बदलाव चाहती है और आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को मजबूती



मिलेगी।

विशाल शर्मा ने विश्वास जताते हुए कहा कि ‪पंजाब में भाजपा का झंडा बुलंद होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी लगातार जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने में जुटी हुई है और युवाओं, व्यापारियों, किसानों तथा आम लोगों के मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार की जनहितकारी योजनाओं और प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों का लाभ पंजाब की जनता तक पहुंच रहा है। इसी कारण लोगों का भरोसा भाजपा की ओर बढ़ रहा है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि 2027 के चुनाव को लेकर अभी से सभी राजनीतिक दल अपनी रणनीति तैयार करने में जुट गए हैं। ऐसे में भाजपा भी पंजाब में संगठन विस्तार और जनसंपर्क अभियान के जरिए अपनी पकड़ मजबूत करने की कोशिश कर रही है। आने वाले समय में राज्य की राजनीति और अधिक दिलचस्प होने की संभावना जताई जा रही है।

# सेक्टर-51 में कांग्रेस का जनसंवाद कार्यक्रम, सांसद मनीष तिवारी ने फिर उठाया मेट्रो परियोजना का मुद्दा





चंडीगढ़/यूटर्न/09 मई। चंडीगढ़ कांग्रेस ने शनिवार को सेक्टर-51 स्थित अजंता सोसाइटी में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय लोगों की समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एच.एस .लक्की ने क्षेत्र की विभिन्न सोसाइटियों के निवासियों से बातचीत की और उनकी समस्याओं को गंभीरता से उठाने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम के दौरान अजंता सोसाइटी सहित आसपास की कई रिहायशी सोसाइटियों के लोगों ने क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कमी, ट्रैफिक, स्वास्थ्य सेवाओं और सार्वजनिक सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं को नेताओं के सामने विस्तार से रखा।

इस अवसर पर सांसद मनीष तिवारी ने एक बार फिर चंडीगढ़ में मेट्रो परियोजना का मुद्दा जोर-शोर से उठाया। उन्होंने कहा कि शहर में लगातार बढ़ते ट्रैफिक दबाव को देखते हुए आने वाले 10 वर्षों की जरूरतों के अनुसार चंडीगढ़ को मेट्रो जैसी आधुनिक सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था की सख्त आवश्यकता है।

उन्होंने आरोप लगाया कि अफसरशाही इस महत्वपूर्ण परियोजना को गंभीरता से नहीं ले रही और जानबूझकर इसे लंबित रखा जा रहा है, जबकि राइट्स (‪एअर) अपनी रिपोर्ट दो बार प्रशासन को सौंप चुका है। मनीष तिवारी ने कहा कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले वर्षों में शहर की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह चरमरा सकती है।

उन्होंने कहा कि चंडीगढ़ के मौजूदा गवर्नेंस मॉडल में भी बदलाव की जरूरत है, क्योंकि वर्तमान व्यवस्था में आम जनता की समस्याओं का प्रभावी समाधान नहीं हो पा रहा। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस. लक्की ने कहा कि सेक्टर-51 और आसपास की सोसाइटियों के लोगों द्वारा उठाई गई समस्याओं को कांग्रेस पार्टी गंभीरता से प्रशासन के समक्ष रखेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में आज तक कई बुनियादी सुविधाओं का अभाव है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है।

उन्होंने बताया कि सेक्टर-51 जैसे बड़े रिहायशी इलाके में अब तक न तो कम्युनिटी सेंटर है, न मार्केट, न डिस्पेंसरी, न संपर्क केंद्र और न ही अन्य आवश्यक सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी इन मुद्दों को प्रशासन और एडवाइजरी काउंसिल की आगामी बैठकों में मजबूती से उठाएगी।

स्थानीय निवासियों ने सांसद मनीष तिवारी और एच.एस. लक्की का धन्यवाद करते हुए कहा कि कांग्रेस नेताओं का जनता के बीच पहुंचकर उनकी समस्याएं सुनना सराहनीय पहल है।

कार्यक्रम का आयोजन राजीव शर्मा और चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव जाहिद परवेज खान द्वारा किया गया। इस मौके पर विक्रम चोपड़ा, विपनजोत सिंह अमन, अच्छेलाल गौड़, प्रवीण शर्मा टीटू, सुभाष गहलोत, जेजे सिंह सहित कई सोसाइटी के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।

# आप के पाप का घड़ा फूट रहा – एडवोकेट सौरभ कपूर



सुनील पांडे

लुधियाना / ईडी द्वारा रेड मे पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा की गिरफ़्तारी से आप के पाप का घड़ा फूटता नजर आ रहा है। यह बयान जारी करते हुए भाजपा पंजाब के युवा नेता एडवोकेट सौरभ कपूर ने कहा कि 100 करोड़ की फजी खरीद के आरोप में संजीव अरोड़ा को गिरफ़्तार किया गया है। सौरभ ने कहा कि आम आदमी पार्टी जो करपशन फ्री नाम के नारे से बनी थी, आज उनके नेताओं की असलियत जनता के सामने आ गई है। आप पार्टी के बाकी खास नेता भी तैयारी में रहें।

# वीआईपी रोड पर पेड़ों की कटाई बनी मुसीबत, चार दिन बाद भी नहीं हटाया गया मलबा



जीरकपुर/यूटर्न/09 मई। वी ई पी रोड पर रूटीन मेंटेनेंस के तहत की गई पेड़ों की कटाई-छंटाई अब स्थानीय लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गई है। बिजली के तारों और खंभों में उलझ रही शाखाओं को काटे जाने के चार दिन बाद भी प्रशासन द्वारा सड़क किनारे पड़े पेड़ों और टहनियों को नहीं हटाया गया, जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सड़क के किनारे पड़े पेड़ों के अवशेषों के कारण शाम के समय लगने वाला ट्रैफिक जाम और अधिक गंभीर हो गया है। कई स्थानों पर सड़क संकरी हो गई है, जिससे वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

निवासी कावेरी, नमिता, राशि और Rupinder Kaur ने बताया कि वीआईपी रोड के कई हिस्सों में टहनियां लंबे समय से पड़ी हुई हैं, लेकिन संबंधित विभाग द्वारा उन्हें हटाने की दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। वहीं Manoj Goyal ने कहा कि वीआईपी रोड पहले ही टूटी सड़कों की समस्या से जूझ रहा है और अब सड़क किनारे पड़ा मलबा लोगों की मुश्किलें और बढ़ा रहा है।

स्थानीय निवासी Parmeet Kaur ने बताया कि रात के समय स्थिति और खतरनाक हो जाती है। अंधेरे में सड़क किनारे पड़ी टहनियां दिखाई नहीं देतीं, जिससे हादसों की आशंका बनी रहती है। उन्होंने दावा किया कि कई लोग अब तक चोटिल भी हो चुके हैं। निवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि पेड़ों की कटाई-छंटाई के दौरान पहले से ही सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि लोगों को इस प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। लोगों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द समाधान नहीं किया गया तो समस्या और गंभीर हो सकती है।

# होटल पिकासो की छत पर चल रही पार्टी पर छापा, बिना लाइसेंस शराब परोसने का मामला दर्ज



जीरकपुर/यूटर्न/09 मई। होटल पिकस्सो की छत पर चल रही प्राइवेट पार्टी पर आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के बाद होटल प्रबंधन मुश्किलों में घिर गया है। बिना अनुमति शराब परोसने के आरोप में होटल मालिक महीप वधावन और मैनेजर साहिल गुप्ता के खिलाफ पंजाब एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार 8 मई की रात आबकारी निरीक्षक गुरप्रीत सिंह अपनी टीम के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्हें सूचना मिली कि बालाजी एन्क्लेव स्थित होटल पिकासो की छत पर आयोजित प्राइवेट पार्टी में बिना लाइसेंस शराब परोसी जा रही है। सूचना मिलते ही आबकारी विभाग और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से होटल में छापा मारा। रेड के दौरान छत पर बड़ी संख्या में युवक-युवतियां पार्टी करते और शराब का सेवन करते पाए गए। मौके पर मौजूद महीप वधावन ने खुद को होटल मालिक और साहिल गुप्ता ने मैनेजर बताया। जांच के दौरान दोनों कोई वैध शराब लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सके। पुलिस के मुताबिक होटल काउंटर से कई विदेशी ब्रांड की खुली शराब की बोतलें बरामद की गईं। इनमें बॉम्बे सैफायर, जेमसन, ब्लैक लेबल, जैगरमिस्टर और एब्सोल्यूट वोडका जैसी शराब शामिल है।

# दरबार साहिब की ओर जाने वाली चार राडियल रोड का निर्माण कार्य अगले सप्ताह होगा शुरू : विधायक डॉ अजय गुप्ता

अमृतसर/यूटर्न/09 मई। केंद्रीय विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ अजय गुप्ता ने नगर निगम कमिश्नर बिक्रमजीत सिंह शेरगिल और निगम अधिकारियों के साथ विकास कार्यों को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई और आगामी परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। विधायक डॉ गुप्ता ने बताया कि श्री दरबार साहिब की ओर जाने वाली चार राडियल रोड का निर्माण कार्य अगले सप्ताह शुरू



किया जाएगा। इन सड़कों को हेरिटेज लुक के साथ आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा, जिससे प्रतिदिन लगभग एक लाख श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिलेगी।

उन्होंने कैरो मार्केट पार्किंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्र में ट्रैफिक और पार्किंग की समस्या को दूर किया जा सके। साथ ही रंगला पंजाब प्रोजेक्ट और रअरउक योजना के तहत करोड़ों रुपये के विकास कार्यों के टेंडर जल्द जारी करने पर भी जोर दिया गया।

नगर निगम कमिश्नर ने आश्वासन दिया कि सभी विकास कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएंगे और राडियल रोड परियोजना को शीघ्र गति दी जाएगी।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में कैनरा बैंक के मामलों का सौहार्दपूर्ण निपटारा



लुधियाना/यूटर्न/09 मई। जिला न्यायालय परिसर में शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान कैनरा बैंक से जुड़े अनेक लंबित मामलों का आपसी समझौते के माध्यम से सफलतापूर्वक निपटारा किया गया। यह लोक अदालत सिविल जज (जूनियर डिवीजन) श. सिमरनदीप सिंह सोही की अदालत में आयोजित हुई, जहां बड़ी संख्या में मामलों को प्राथमिकता के आधार पर सुना गया और पक्षकारों की सहमति से निपटाया गया।ङ्क इस अवसर पर कैनरा

# मानव मंगल स्मार्ट वर्ल्ड में सम्मान समारोह आयोजित, प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित

## शैक्षणिक, खेल एवं सह-पाठ्य गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र हुए पुरस्कृत

जीरकपुर/यूटर्न/09 मई। मानव मंगल स्मार्ट वर्ल्ड में विद्यार्थियों की उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शिक्षा, खेल, ओलंपियाड, सह-पाठ्य गतिविधियों तथा साहित्यिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके उपरांत विद्यालय के वाद्यवृंद दल ने मनमोहक संगीत प्रस्तुति देकर उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक नृत्य एवं मधुर गीतों की प्रस्तुति भी दी, जिसे अभिभावकों और अतिथियों ने खूब सराहा। समारोह में विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।



'स्टार परफॉर्मर' श्रेणी में 42 विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए, जिन्होंने शैक्षणिक एवं प्रतियोगी गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा छठी से आगे सभी छह प्रमुख विषयों में ए-1 श्रेणी प्राप्त करने वाले 74 विद्यार्थियों को 'शैक्षणिक उत्कृष्टता पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 33 विद्यार्थियों को 'खेल उपलब्धि सम्मान' प्रदान किया गया। वहीं युवा लेखक एवं विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में विशेष प्रतिभा दिखाने वाले 15 विद्यार्थियों को 'विशिष्ट उपलब्धि सम्मान' देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय समूह के निदेशक संदीप सरदाना ने कहा कि यह समारोह विद्यार्थियों की प्रतिभा, परिश्रम और सफलता का उत्सव है। ऐसे आयोजन बच्चों को निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित करते हैं तथा उनमें आत्मविश्वास का संचार करते हैं।

# ब्लैक ड्रेस में आलिया भट्ट का ग्लैमरस अवतार, फैंस बोले–स्टाइल क्वीन

आलिया भट्ट



आलिया भट्ट एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक को लेकर चर्चा में हैं। ब्लैक ड्रेस में उनका स्टाइल सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। फैंस उनकी फिटनेस और एलिगेंस की जमकर तारीफ कर रहे हैं। खबरें हैं कि आलिया जल्द ही एक बड़े प्रोजेक्ट में नजर आने वाली हैं। बॉलीवुड गलियारों में उनके नए लुक और अपकमिंग फिल्मों को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है।

# फॉरएवर स्पा रेड का फरार आरोपी सोनू गिरफ्तार

## वीआईपी रोड पर घूमते समय पुलिस ने घेराबंदी कर दबोचा





जीरकपुर/यूटर्न/09 मई। वी ई पी रोड स्थित फॉरएवर स्पा पर हुई पुलिस रेड के दौरान फरार हुआ आरोपी सोनू आखिरकार जीरकपुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। करीब दो महीने से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार किया।

पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी वीआईपी रोड इलाके में घूम रहा है। इसके बाद पुलिस टीम ने तुरंत इलाके में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। इसी दौरान आरोपी ने पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की, लेकिन पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे काबू कर लिया। बताया जा रहा है कि गिरफ्तारी से बचने के लिए आरोपी ने काफी प्रयास किए, मगर पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया।

जानकारी के अनुसार फॉरएवर स्पा पर हुई रेड के दौरान कई लोगों को हिरासत में लिया गया था। उसी समय सोनू पुलिस को चकमा देकर मौके से फरार हो गया था। तब से पुलिस उसकी तलाश में लगातार छापेमारी कर रही थी।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक आरोपी से पूछताछ की जा रही है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि फरारी के दौरान वह किन लोगों के संपर्क में था और किन स्थानों पर छिपा रहा। मामले से जुड़े अन्य लोगों और गतिविधियों को लेकर भी जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

जीरकपुर पुलिस ने कहा कि शहर में गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और कानून व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हक की आवाज : पंजाब में सफाई कर्मियों का हल्ला बोल, चौथे दिन भी सरकार की चुप्पी से भड़का आक्रोश

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/9/मई। पंजाब के सफाई सेवकों और म्युनिसिपल कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर शुरू किया गया संघर्ष अब आर-पार की जंग में तब्दील होता जा रहा है। 6 मई से जारी यह अनिश्चितकालीन धरना आज चौथे दिन में प्रवेश कर गया है, लेकिन सरकार की बेरुखी ने आंदोलनकारियों के गुस्से को सातवें आसमान पर पहुँचा दिया है।



## सरकार की चुप्पी 'बड़ा धोखा': सचिव राजिंदर कुमार

सफाई सेवक यूनियन और म्युनिसिपल एक्शन कमेटी (पंजाब) के सचिव राजिंदर कुमार ने दोटूक शब्दों में कहा कि सरकार की खामोशी सफाई कर्मियों के साथ एक बड़ा विश्वासघात है। उन्होंने चेतावनी दी कि: चार दिन बीत जाने के बाद भी किसी मंत्री या उच्च अधिकारी ने सुध नहीं ली है। न तो कोई आधिकारिक बयान आया है और न ही वार्ता के लिए समय दिया गया है। यदि जल्द ही ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह संघर्ष सड़कों पर तांडव करेगा और आंदोलन को और अधिक उग्र बनाया जाएगा।

धरने में कला और जज्बात का संगम नगर परिषद जगरांव में चल रहे इस धरने में केवल नारे ही नहीं, बल्कि कला के माध्यम से भी विरोध दर्ज कराया जा रहा है।

कलात्मक विरोध: पंजाबी रंगमंच के प्रसिद्ध कलाकार प्रेम हठूर ने अपनी प्रस्तुति से कर्मचारियों में नया जोश भर दिया।

भावुक क्षण: राष्ट्रीय कलाकार संतोष राम गिल ने माँ को समर्पित गीत गाकर धरने पर बैठी महिलाओं की आँखों को नम कर दिया और संघर्ष की भावना को और मजबूत किया।

समाज का समर्थन: प्रसिद्ध समाजसेवी परमजीत सिंह रिम्पी लद्धड़ ने आंदोलनकारियों की सुविधा के लिए नए गद्दे भेंट किए, जिसके लिए यूनियन ने उनका आभार व्यक्त किया।

अब 'पक्का मोर्चा': लंगर और बिस्तरों का इंतजाम संघर्ष के लंबे खिंचने की संभावना को देखते हुए कर्मचारियों ने अब वहां 'पक्का मोर्चा' लगा दिया है। धरने वाली जगह पर ही रहने और लंगर (सामुदायिक रसोई) का स्थायी प्रबंध कर लिया गया है। नेताओं का साफ कहना है कि जब तक मांगें मान नहीं ली जातीं, यह संघर्ष अनवरत जारी रहेगा।

*'सड़क से सरकार तक, अब सिर्फ संघर्ष की गूँज सुनाई देगी। हम अपने हक लिए बिना पीछे नहीं हटेंगे।'-यूनियन नेतृत्व*

# फिको का प्रतिनिधिमंडल चाइना साईकल शो 2026 की सफल यात्रा के बाद चीन से लौटा



लुधियाना/यूटर्न/09 मई। फेडरेशन ऑफ इंडस्ट्रियल एंड कमर्शियल ऑर्गेनाइजेशंस (फिको) का 64 सदस्यों वाला एक प्रतिनिधिमंडल, शंघाई, चीन से सफलतापूर्वक लौट आया है। यह प्रतिनिधिमंडल प्रतिष्ठित चाइना साईकल शो 2026 में शामिल होने गया था—जो साइकिल और ई-मोबिलिटी उद्योग के लिए दुनिया की सबसे बड़ी और सबसे प्रभावशाली प्रदर्शनियों में से एक है। गुरमीत सिंह कुलार (प्रधान फिको) और मंजिंदर सिंह सचदेवा (महासचिव, फिको) के नेतृत्व में और अशप्रीत सिंह साहनी (संगठन सचिव, फिको) के साथ—जो प्रतिनिधिमंडल के नेता थे— प्रतिनिधिमंडल ने डेलीगेशन ने चीन में कई साइकिल और साइकिल कंपोनेंट फैक्ट्रियों का भी दौरा किया और नए बिजनेस के मौकों को देखा और ग्लोबल साइकिलिंग इंडस्ट्री में इंटरनेशनल सहयोग को बढ़ावा दिया, साथ ही चाइना साइकिल शो 2026 का भी दौरा किया। ड्रगुरमीत सिंह कुलार ने कहा कि यह प्रदर्शनी वैश्विक साइकिलिंग उद्योग की भविष्य की दिशा को स्पष्ट रूप से दर्शाती है, जिसमें उच्च-स्तरीय साइकिलों और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि इलेक्ट्रिक साइकिलें (ई-बाइक) ही भविष्य हैं, क्योंकि बड़ी संख्या में कंपनियों ने उन्नत और नवीन इलेक्ट्रिक मॉडल प्रदर्शित किए। एक्सपो में पर्यावरण-अनुकूल और टिकाऊ परिवहन समाधानों का बढ़ता महत्व स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा था। उन्होंने आगे बताया कि इस कार्यक्रम में नवीनतम तकनीकों और नवाचारों को प्रदर्शित किया गया। उनके अनुसार, इस प्रदर्शनी में साइकिल के घटकों, एक्सेसरीज, सुरक्षा उपकरणों और आधुनिक निर्माण मशीनरी की एक विस्तृत श्रृंखला भी प्रदर्शित की गई, जिससे यह उद्योग के लिए एक संपूर्ण मंच बन गया। उन्होंने कहा कि ऐसी अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियाँ भारतीय उद्योग को मूल्यवान अनुभव प्रदान करती हैं, जिससे उन्हें वैश्विक रुझानों, नई तकनीकों और भविष्य के बाजार अवसरों को समझने में मदद मिलती है।

# बंगाल और असम के बाद, अब पंजाब पर सबकी नजर: चुनाव से पहले संजीव अरोड़ा की गिरफ़्तारी को लेकर बहस छिड़ी



संदीप शर्मा, सम्पादक

पश्चिम बंगाल और असम के चुनाव अब पीछे छूट चुके हैं और अब राजनीतिक चर्चा का केंद्र पंजाब बन गया है। जहाँ लगभग छह से सात महीनों में मतदान होने वाला है। इसी गहमागहमी भरे माहौल में, आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के एक अहम मंत्री, संजीव अरोड़ा को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ़्तार कर लिया है। घटनाओं के इस क्रम ने यह सुनिश्चित कर दिया है कि यह मुद्दा अब केवल कानूनी नहीं रह गया है, बल्कि यह पूरी तरह से राजनीतिक बन गया है। अरोड़ा के खिलाफ मामले में मनी लॉन्ड्रिंग और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप शामिल हैं। यदि ये आरोप साबित हो जाते हैं, तो ये बेहद गंभीर आरोप होंगे जिनके स्पष्ट कानूनी परिणाम होंगे। लेकिन राजनीति में, धारणा अक्सर सबूतों से ज्यादा तेजी से फैलती है। इस गिरफ़्तारी का समय दो राज्यों के चुनाव खत्म होने के ठीक बाद और एक और चुनाव से ठीक पहले इस बात का मुख्य केंद्र बन गया है कि इस घटनाक्रम की व्याख्या किस तरह की जा रही है।

भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के लिए, यह गिरफ़्तारी भ्रष्टाचार-विरोधी शक्ति के रूप में उसकी व्यापक स्थिति के साथ पूरी तरह से मेल खाती है। आप के एक वरिष्ठ नेता पर कार्रवाई करके, बीजेपी को अपनी प्रतिद्वंद्वी पार्टी के 'स्वच्छ शासन' के मुख्य दावे पर सवाल उठाने और उस आलोचना को पंजाब से बाहर तक ले जाने का मौका मिल जाता है। पंजाब चुनावों से पहले जैसे-जैसे राजनीतिक गतिविधियाँ तेज हो रही हैं, यह बीजेपी को एक तैयार राजनीतिक मुद्दा भी दे देता है। फिर भी, यही समय, जो एक तरफ राजनीतिक फायदा पहुँचाता है, दूसरी तरफ कुछ असहज सवाल भी खड़े करता है। आखिर क्यों इस तरह की हाई-प्रोफाइल कार्रवाइयाँ अक्सर चुनावों के अहम मौकों के आस-पास ही होती दिखाई देती हैं? आलोचक पूछते हैं कि, यदि जाँच पहले से ही चल रही थी, तो फिर कोई निर्णायक कार्रवाई करने में इतनी देरी क्यों हुई? इन सवालों को आसानी से नजरअंदाज नहीं किया जा सकता और ये पहले से ही विपक्ष की प्रतिक्रिया को आकार दे रहे हैं। आप ने इस पहलू को तुरंत लपक लिया है। अरविंद केजरीवाल और भगवंत मान जैसे नेताओं ने इस गिरफ़्तारी को एक व्यापक पैटर्न का हिस्सा बताया है, जिसके तहत केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों पर दबाव डालने के लिए किया जाता है। इस कार्रवाई को चुनावी कैलेंडर से जोड़कर, पार्टी इस बहस को 'गलत काम के आरोपों' से हटाकर 'संस्थागत निष्पक्षता' के सवालों की ओर मोड़ने की कोशिश कर रही है। यह रणनीति समर्थकों को प्रभावित कर सकती है, विशेष रूप से यदि इसे चुनिंदा लोगों को निशाना बनाने के एक मामले के तौर पर देखा जाए।

हालाँकि, इस बचाव की भी अपनी सीमाएँ हैं। सार्वजनिक धन और जटिल वित्तीय लेन-देन से जुड़े आरोपों को केवल 'राजनीतिक दाँव-पेच' कहकर पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता। यदि इस मामले में सबूतों का पलड़ा भारी होता है, तो आप की भ्रष्टाचार-विरोधी छवि को जो शायद उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूँजी है, नुकसान पहुँचने का खतरा है; और यह खतरा ऐसे समय में और भी बढ़ जाता है जब मतदाता अपने विकल्पों पर विचार करना शुरू ही कर रहे हैं।

पंजाब में, इस घटना का तत्काल चुनावी असर क्या होगा, यह अभी भी अनिश्चित बना हुआ है। आप की स्थिति अभी भी मजबूत है, और बीजेपी अभी तक राज्य में एक प्रमुख शक्ति के तौर पर अपनी जगह नहीं बना पाई है। फिर भी, इस गिरफ़्तारी ने चुनावी चर्चा में हमले का एक नया जरिया खोल दिया है, जिससे विरोधियों को सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल उठाने का एक मौका मिल गया है। यह घटना आखिरकार भारतीय राजनीति के एक जाने-पहचाने तनाव को ही उजागर करती है: जब कोई कानूनी कार्रवाई चुनावी समय के आस-पास होती है, तो उसके पीछे की मंशा पर तुरंत सवाल उठने लगते हैं। बीजेपी के लिए चुनौती यह साबित करना होगा कि यह मामला पूरी तरह से सबूतों पर आधारित है। वहीं, आप के लिए चुनौती यह है कि वह अपने नेताओं और अपनी साख, दोनों का बचाव इस तरह से करे कि वह किसी भी बात से बचने की कोशिश करती हुई न लगे। जैसे-जैसे पंजाब में चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इस गिरफ़्तारी के राजनीतिक नतीजे इस बात पर कम निर्भर करेंगे कि यह घटना अपने आप में कैसी थी, बल्कि इस बात पर ज्यादा निर्भर करेंगे कि दोनों पक्ष इस घटना के इर्द-गिर्द अपनी-अपनी कहानी को कितनी मजबूती और असरदार तरीके से पेश करते हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372